

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 12 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-075 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## सीएम ने निवेशकों को राज्य की औद्योगिक नीति से कराया अवगत

**हैदराबाद में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु देव साय**

**रायपुर/हैदराबाद,12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हैदराबाद में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने निवेशकों को राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाया है। राज्य में उद्योग, अधोसंरचना, ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण तथा खनिज आधारित क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख उद्योग समूहों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति और



निवेशक-अनुकूल निर्णयों के कारण छत्तीसगढ़ को अब तक 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इससे राज्य में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। हैदराबाद में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु सहित जापान और दक्षिण कोरिया में भी निवेशक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री की निवेश प्रोत्साहन पहल के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच छत्तीसगढ़ के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इन प्रयासों से आने वाले समय में और अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त होंगे तथा छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख औद्योगिक निवेश केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

## आपको चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए

**मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

**नई दिल्ली,12जून।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन को चुनाव आयोग के पास जाने की सलाह दी है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब रिटर्निंग ऑफिसर किसी उम्मीदवार का नॉमिनेशन रद्द कर देता है तो एकमात्र उपाय चुनाव आयोग के पास जाना ही होता है। शीर्ष कोर्ट कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। नटराजन ने अपनी याचिका में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने नॉमिनेशन पेपर रद्द किए जाने को चुनौती दी थी। कोर्ट ने नटराजन से कोर्ट का कोई ऐसा फैसला दिखाने को भी कहा जिसमें उसने ऐसे मामलों में दखल दिया हो। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा कि फैसला चाहे कितना भी गलत क्यों न हो, एक बार नॉमिनेशन रद्द हो जाने पर आम तौर पर उपाय कहीं और ही होता है। क्या इस कोर्ट का कोई ऐसा फैसला है, जिसमें हमने उस स्टेज पर दखल दिया हो? नटराजन की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उम्मीदवार को ऐसे आपराधिक मामले की जानकारी देनी होती है जिसमें कम से कम दो साल की सजा का प्रावधान हो, जबकि इस मामले में सिर्फ समन जारी किए गए थे। सिंघवी ने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन पेपर को



रिटर्निंग ऑफिसर ने गलत तरीके से खारिज कर दिया था। उन्होंने 'रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट' के तहत एक आपराधिक मामले की जानकारी नहीं देने का हवाला दिया था।राज्यसभा चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा के एक आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि नटराजन ने अधूरा हलफनामा जमा किया था। उन्होंने अपने नामांकन के साथ जमा किए गए फॉर्म 26 में अदालत में दर्ज एक शिकायत का जिक्र नहीं किया था। मध्य प्रदेश विधानसभा के एक अधिकारी के अनुसार, सत्ताधारी बीजेपी के उम्मीदवार महेश केवट ने रिटर्निंग ऑफिसर के पास शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि नटराजन ने अपने हलफनामे में तेलंगाना में अपने खिलाफ दर्ज एक मामले का जिक्र नहीं किया था।

### 10 करोड़ के गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर,12 जून।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. पुलिस ने भारी मात्रा में तस्करी किए जा रहे गांजा की खेप को जब्त किया है, जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है. यह खेप ट्रक में भरकर ओडिशा के सोनपुर से उत्तरप्रदेश ले जाई जा रही थी. मामले में 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला बसंतपुर थाना का है. ओडिशा के सोनपुर से एक ट्रक (RJ 14 GU 9078) में भारी मात्रा में गांजा लेकर लाया जा रहा था. शातिर तस्करों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्करी की प्लानिंग की थी. मुखबीर से सूचना के बाद पुलिस एक्टिव हो गई. पुलिस ने नाकेबंदी कर शुक्रवार तड़के 3 बजे एक संदिग्ध ट्रक को रुकवाया. आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम लोकेश शर्मा और आमिर अंसारी बताया. दोनों उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं. जब पुलिस ने ट्रक की जांच की तो उनके होश उड़ गए. बोरियो में भरा करीब 1941.110 किलो गांजा बरामद किया गया. इसकी अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है. मौके पर सायबर सेल की टीम भी मौजूद रही. शुरूआती जांच में गांजा तस्करी के खिलाफ अबतक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है. बरामद गांजे की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है. फिलहाल पुलिस गांजा तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवई की गई है. दोनों कों कोर्ट में पेश करने की तैयारी है.

### भारत-बांग्लादेश ने सीमा सुरक्षा को लेकर लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,12 जून।** भारत और बांग्लादेश के बीच अवैध प्रवासियों को लेकर चल रहे तनाव के बीच दोनों देशों ने अपनी साझा सीमा पर बेहतर इंटेलिजेंस शेयरिंग और तालमेल के साथ पेट्रोलिंग के जरिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। यह सहमति शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में दी गई। दरअसल, बांग्लादेश ने भारतीय अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि वे बिना सही प्रक्रिया के प्रवासियों को बॉर्डर पार भेजने की कोशिश कर रहे हैं। इससे 2024 में शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद संबंधों को स्थिर करने और बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की पहचान करके उन्हें वापस भेजने की भारत की व्यापक कोशिशों में मुश्किलें आ रही हैं।

नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के शीर्ष अधिकारियों के बीच हुई चार दिवसीय बैठक हुई। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और भारत के बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने बातचीत को सौहार्दपूर्ण, सकारात्मक और भविष्योन्मुखी बताया। बैठक के बाद दोनों देशों ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि भारत और बांग्लादेश सीमा पर अवैध, अनजाने में और जबरन होने वाली क्रॉसिंग' को रोकने के लिए समन्वित गश्त बढ़ाएंगे और रीयल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करेंगे। बता दें कि बांग्लादेश और भारत के बीच 4,000 किलोमीटर (2,500 मील) से ज्यादा लंबी सीमा है। यह दुनिया की सबसे लंबी सीमाओं में से एक है। बांग्लादेश से बार्डर वाले राज्य त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में शासन करने वाली भारत की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी का कहना है कि बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की समस्या से निपटना एक प्राथमिकता है।

## पति-पत्नी की हत्या कर श्मशान में दफनाया शव

**गरियाबंद,12जून।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से डबल मर्डर का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शोभा थाना क्षेत्र के ग्राम गरीबा में पुरानी रंजिश के चलते एक पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर उनके शवों को बोरे में भरकर श्मशान घाट में दफना दिया गया। घटना का खुलासा करीब एक सप्ताह बाद तब हुआ, जब ग्रामीणों को श्मशान घाट में संदिग्ध तरीके से दफनाए गए शवों की जानकारी मिली। मामले के सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस ने इस हत्याकांड में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान ग्राम गरीबा निवासी राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने मृतक के पड़ोस में रहने वाले लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार किया है। शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जून को पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने राजाराम नेताम और उनकी पत्नी की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद सबूत मिटाने की नीयत से दोनों शवों को चुपचाप गांव के श्मशान घाट में दफना दिया गया, ताकि किसी को घटना की भनक न लग सके। मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में गांव के एक अन्य व्यक्ति के निधन के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। वहां उन्हें दो अन्य स्थानों पर ताजा दफनाए गए शवों के निशान



दिखाई दिए। ग्रामीणों को यह संदिग्ध लगा क्योंकि गांव में हाल के दिनों में किसी अन्य व्यक्ति की सामान्य मृत्यु नहीं हुई थी। इसी दौरान ग्रामीणों को पिछले एक सप्ताह से लापता राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम की याद आई। संदेह गहराने पर ग्रामीणों ने शोभा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी पवन वर्मा अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और श्मशान घाट में दफन शवों को बाहर निकलवाया। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि बरामद शव राजाराम नेताम और आशो बाई नेताम के ही हैं। थाना प्रभारी पवन वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीनों आरोपियों लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार कर लिया है।

## माजदा गाड़ी से 19 गोवंश बरामद

**आरंग,12 जून।** क्षेत्र में मवेशी तस्करी के अवैध काले कारोबार के खिलाफ आरंग थाना पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर एक माजदा वाहन से तस्करी किए जा रहे 19 मवेशियों को मुक्त कराया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और स्थानीय क्षेत्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक बड़े वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने तत्काल हरकत में आते हुए ग्राम गुदगुदा के पास मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर दी। तभी सामने से आ रही संदिग्ध माजदा गाड़ी (वाहन क्रमांकः UP 83 CT 8790) को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। पुलिस बल को सामने देखकर वाहन का चालक घबरा गया और गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। जब पुलिस टीम ने लावारिस हालत में छूटे माजदा वाहन की तलाशी ली, तो अंदर का नजारा देखकर हर कोई दंग रह गया। तस्करों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए वाहन के भीतर 19 मवेशियों को बेहद अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर भरा था। बेजुबान जानवरों के लिए न तो पैर हिलाने की जगह थी और न ही उनके लिए चारा-पानी की कोई व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने तुरंत सभी 19 मवेशियों को वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें राहत पहुंचाई। पुलिस ने अवैध परिवहन में प्रयुक्त माजदा वाहन को जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना के दौरान पुलिस ने 11 जून 2026 को दो मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अशोक कुमार यादव (48 वर्ष) – निवासीः फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश,खम्मनलाल कुर्रे (41 वर्ष) – निवासीः ग्राम गुदगुदा, आरंग (स्थानीय मददगार) शामिल है। दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई तक जाने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस तस्करी के पीछे किसी बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ हो सकता है। फरार ड्राइवर और इस काले कारोबार में संलिप्त अन्य संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही बाकी आरोपी भी सलाखों के पीछे होंगे।

## विजय शर्मा ने दी पीएम आवास परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**रायपुर,12 जून।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की परफॉर्मेंस रिपोर्ट सौंपी है। पत्र में उन्होंने दावा किया है कि सरकार बनने के बाद प्रदेश में गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के वादे को प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया और पिछले ढाई वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में आवासों का निर्माण कराया गया। पत्र में विजय शर्मा ने कहा है कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराई गई थी। जिसके कारण लाखों गरीब परिवार पक्के मकान से वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर "मोर आवास-मोर अधिकार" जन आंदोलन चला था और बीजेपी ने सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में गरीबों को आवास देने का संकल्प लिया था। उन्होंने लिखा कि 14 दिसंबर 2023 को हुई पहली कैबिनेट बैठक में सभी अपूर्ण आवासों, वर्ष 2011 की स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष हितग्राहियों, आवास प्लस सूची और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण आवास न्याय योजना) के लाभार्थियों सहित कुल 18 लाख 12 हजार 742 आवासों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा पीएम जनमन और

**भूपेश सरकार ने छीने थे गरीबों के मकान**

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष परियोजनाओं के तहत भी हजारों अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए।

उपमुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि उनकी सरकार ने 26,908 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराकर गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। उन्होंने दावा किया कि सरकार बनने के बाद "मोर आवास-मोर अधिकार" अभियान को ऐतिहासिक सफलता मिली और प्रदेश में ढाई वर्षों के दौरान 10.60 लाख से अधिक आवास पूरे किए जा चुके हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि अप्रैल से अक्टूबर 2025 के दौरान छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन लगभग 2,000 आवास पूरे किए गए, जबकि वर्तमान में प्रतिदिन 4,600 से अधिक आवास पूरे किए जा रहे हैं। वर्ष 2025-26 में राज्य में 6 लाख से अधिक आवास पूर्ण होने का भी दावा किया गया है। विजय शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि सरकार ने केवल अपने चुनावी वादों को ही पूरा नहीं किया, बल्कि पिछली सरकार की मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की बकाया राशि भी जारी की। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि "डीलर दीदी" और "रानी मिस्त्री" जैसी पहल से हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं और कई महिलाएं "लखपति दीदी" बनने में सफल रही हैं। पत्र के अंत में उन्होंने "आवास प्लस 2.0-2024" सर्वे का भी उल्लेख किया और कहा कि जिन गरीब परिवारों के पास अब भी कच्चे मकान हैं, उनके सर्वेक्षण और आगे की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### दीपक बैज ने कहा- झूठ बोल रहे हैं विजय शर्मा

**रायपुर,12 जून।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सीएम साय को पत्र लिखा है। इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी की सरकार में सामंजस्य नहीं है। पत्र में सरासर झूठ बोल रहे हैं। पीएम आवास के हितग्राही दर-दर भटक रहे हैं। कांग्रेस की सरकार ने हितग्राहियों को पैसा दिया था। भारतीय जनता



पार्टी प्रोपेगेंडा करने में माहिर है। शराब के ओवर रेट पर दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा, छोटे-छोटे अधिकारियों पर कार्रवाई हो रही है। ओवर रेट नकली शराब लगातार चल रहा है। छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति हो रही है। ओवर रेट का पैसा किसके लिए लिया जा रहा था? ओवर रेट का पैसा किसके-किसके जेब में जा रहा है.



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 मनरेगा मजदूरों की मौत

**कलेक्टर ने शोक संवेदना प्रकट कर घायलों का बेहतर उपचार करने के दिए निर्देश**

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 जून.** जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम कलगांव में आज सुबह आकाशीय बिजली गिरने से तीन मनरेगा श्रमिकों की मृत्यु हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा है तथा इनमें से एक घायल महिला को बेहतर उपचार के जिला अस्पताल कांकेर में रेफर किया गया है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन द्वारा घायलों का सतत् व बेहतर उपचार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग पौने सात बजे अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम कलगांव में मनरेगा श्रमिक रोज की तरह तालाब गहरीकरण (नवा तरिया) निर्माण कार्य में जुटे थे। इसी बीच अचानक मौसम बदला और तेज बिजली के साथ गर्जना शुरू हो गई। इससे बचने के लिए श्रमिकों ने पास ही एक पेड़ के नीचे सहारा लिया था, इसी बीच बादल की तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी।

इससे तीन ग्रामीणों की झुलसने से मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। बताया गया कि सभी पांच घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में श्रीमती राजबती गावड़े (50 वर्ष), शारदा पटेल (36 वर्ष), संगीता यादव (35 वर्ष), रामेश्वरी दर्रो (40 वर्ष) और तुलसी पटेल (40 वर्ष) शामिल हैं, जबकि मृत श्रमिकों में श्री प्रकाश पटेल (50 वर्ष), श्री मनराज पटेल (32 वर्ष) और श्री संतोष पटेल (46 वर्ष) सभी निवासी ग्राम कलगांव सम्मिलित थे। इनमें से एक घायल श्रीमती राजबती गावड़े को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल कांकेर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने प्राकृतिक आपदा में मृत ग्रामीणों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है तथा जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद करने की बात कही है। साथ ही घायल श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर को निर्देशित किया है।

**फीफा (पुरुष) विश्व कप : 2026, पहली बार मुख्य दौर में शामिल किए गए 48 देश**

## जीतना तो सभी चाहते हैं,क्या बदलेगा इतिहास?

**आलेख ..जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार , टी वी कमेंटेटर, रायपुर.**

1930 से उरुग्वे में प्रारंभ हुई अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल स्पर्धा को पुरुष वर्ग का पहला विश्वकप माना गया है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह प्रतियोगिता फिर से आरंभ हुई जो आज तक निर्बाध गति से जारी है। यह चैंपियनशिप 20वीं सदी को पार करते हुए अब 21वीं सदी में पहुँच चुकी है। फुटबाल की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 1930 में जहां इस प्रतियोगिता में दुनिया के सिर्फ 13 देशों ने भाग लिया था। आज 96 वर्ष पश्चात 48 देश को प्रवेश दिया गया है . 2026 के मुख्य दौर में प्रवेश के लिए फीफा द्वारा मान्यता प्राप्त 211 देशों ने भाग लिया। 1930 में दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से सात, उत्तरी अमेरिका से दो तथा यूरोप से चार देशों ने भाग लिया। फीफा के अधिकारियों द्वारा इस तरह अपने फुटबाल संघ को अनुशासन में बांधे रखकर अन्य खेल संघों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। 2026 के मुख्य स्पर्धा में पहुंचने सभी 6 महाद्वीप या धरती के देशों के बीच मुकाबला करवाया गया। फिर पात्रता प्रवेश के आधार पर कुल 48 टीम को मौका मिला। 1934 से 1978 तक प्रत्येक टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। 1998 तक इस चैंपियनशिप में 32 टीमों को जगह मिलने लगी। अक्टूबर 2013 में मुख्य दौर में पहुंचने वाली टीम की संख्या 48 की गई। पूरे संसार में एक तरफ फुटबाल की प्रसिद्धि लगातार बढ़ते जा रही थी दूसरी तरफ विश्व कप में खेलने वाले देशों की संख्या को मांग के अनुरूप 2002 में फीफा



विश्वकप राउंड में दो सौ से अधिक टीम ने प्रवेश किया। 2010 में यह संख्या 204 पहुंच गई। इधर 2026 में टीम के बीच संघर्ष हुआ। जिनमें 48 देशों ने मुख्य ड्रा में जगह बनाने में कामयाबी पाई। इस बार एशिया की 9, अफ्रीका की 10, उत्तर मध्य अमेरिकान व केरिबियन क्षेत्र से 6, दक्षिण अमरिका से 6, असिआनिया से 1, यूरो के 16 टीमां ने मुख्य ड्रा में जगह बनाई है। एशिया महाद्वीप में 46 टीम, अफ्रीका में 53 टीम, उत्तर, मध्य अमेरिकान और केरेबियााई क्षेत्र में 32 टीम, दक्षिण अमेरिका में 10 टीम, ओसिआनिया में 11 टीम, यूरोप महाद्वीप में 54 टीम ने याने कुल मिलाकर 206 टीम ने 2026 के विश्वकप में भाग लिया। पूरी दुनिया की निगाहें फीफा पुरुष विश्व कप 2026 के अपने-अपने पसंदीदा टीमों के प्रदर्शन पर लगी हुई है। फीफा याने फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल एसोसिएशन है यह पूरे संसार में फुटबाल (साकर) का सर्वोच्च अंतर्राष्ट्रीय निकाय है। इसके अध्यक्ष गियानी इंफांटिनो हैं। महासचिव मतियास ग्राफस्टोर्म हैं। फीफा द्वारा न सिर्फ प्रतियोगिताओं का संचालन होता है बल्कि विभिन्न देशों में फुटबाल की लोकप्रियता बढ़ाने हेतु योजनाएं चलाई जाती है। अभी हाल ही में भारत में करीब दो लाख फुटबाल बांटे गए। इसी तरह प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। प्रतिबंधित दवा के सेवन का फीफा विरोध करती है। 206 देशों को साथ लेकर चलते हुए पूरी दुनिया में फुटबाल की एकता, अनुशासन का डंका बजाने वाले इस फेडरेशन की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। किसी ने कहा है सफलता याने त्याग की भावना जिसका सबसे अधिक महत्व है। फीफा के पदाधिकारी इसी त्याग के संग्राहक हैं।

# विधायक के प्रयासों से 5.25 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जून।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के लगातार प्रयासों से मुख्यमंत्री नगरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 25 लाख 47 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।स्वीकृत परियोजना के तहत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में पहुंच मार्ग निर्माण, नाली निर्माण और विद्युतीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासी इन सुविधाओं की मांग कर रहे थे, जिसे विधायक रिकेश सेन ने लगातार शासन स्तर पर उठाया।



अब स्वीकृति मिलने के बाद इन कार्यों के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जलभराव की समस्या में कमी आएगी और क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर विधायक रिकेश सेन ने राज्य सरकार तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक सोच और जनहितकारी दृष्टिकोण के कारण वैशाली नगर क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

# प्रमुख मार्गों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ अभियान तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 12 जून ।** नगर निगम ने शहर की सड़कों और प्रमुख मार्गों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर विभिन्न जोन क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए राजनीतिक, सामाजिक एवं निजी संस्थाओं द्वारा लगाए गए अवैध विज्ञापन बैनर-पोस्टरों को हटाकर जब्त किया जा रहा है। आयुक्त के अनुसार मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और विद्युत पोलों पर बड़ी संख्या में बिना अनुमति लगाए गए बैनर-पोस्टर बरसात के दौरान उखड़कर सड़क पर गिर सकते हैं, जिससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर ऐसे सभी अवैध प्रचार-प्रसार सामग्री को हटाया जा रहा है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर की सुंदरता और यातायात सुरक्षा को प्रभावित करने वाले अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रखी जाए।

# आयुक्त ने खुर्सीपार में विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जून ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार अंतर्गत सिवरेज लाइन संधारण, नाला सफाई, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त, स्थानीय पार्षद सह उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के साथ वार्ड क्रमांक-44 लक्ष्मी नारायण वार्ड में चल रहे सिवरेज लाइन संधारण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन घरों के समीप से सिवरेज लाइन गुजर रही है और मरम्मत की आवश्यकता है, उसे तत्काल ठीक कराने कहा। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि संबंधित पक्ष स्वयं कार्य नहीं कराते हैं तो निगम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान हाल ही में कराई गई नाला सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। आयुक्त ने सफाई कार्यों को नियमित रूप से जारी रखने तथा बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की स्थिति से बचने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। केनाल रोड क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने प्रस्तावित सर्विस रोड निर्माण स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध होगी तथा आवागमन में होने वाली परेशानियां कम होंगी। आयुक्त ने वार्ड स्थित सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया। लगभग तीन वर्ष पूर्व निर्मित इस भवन को निगम के अधीन लेकर स्थानीय नागरिकों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, उप अभियंता बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डीआईजी ने अधिकारियों की बैठक ली



**भिलाई, 12 जून (तछसं.)।** भिलाई पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-06 में डीआईजी विजय अग्रवाल ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा (क्राइम) बैठक ली बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण, कानून व्यवस्था, विवेचना की प्रगति, विभागीय कार्यों एवं आगामी चुनौतियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए इस बैठक के दौरान वर्ष 2024 एवं उससे पूर्व के लंबित अपराधों, गंभीर प्रकरणों, फरार आरोपियों, निगरानी बदमाशों तथा लंबित विवेचनाओं की थाना-वार समीक्षा की गई। साथ ही धारा 193 (8) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) के अंतर्गत लंबित पूरक विवेचना प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण एवं न्यायालय में समयबद्ध प्रस्तुतिकरण के निर्देश दिए गए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल एवं अन्य शिकायत निवारण माध्यमों में प्राप्त लंबित शिकायतों के समयबद्ध निराकरण, गुणवत्तापूर्ण जवाब प्रस्तुत करने तथा प्रत्येक शिकायत की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में ई-साक्ष्य प्रणाली के अंतर्गत डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, अपलोडिंग एवं उपयोग की प्रगति की समीक्षा की। सभी राजपत्रित अधिकारियों को अधीनस्थ थानों के मालखानों का नियमित निरीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं आगामी शैक्षणिक सत्र को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल एवं कॉलेज परिसरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, यातायात प्रबंधन बेहतर बनाने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए ।

### सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**भिलाई, 12 जून (तछसं.)।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के हथखोज स्थित इंजीनियरिंग पार्क के पास एक कंपनी में काम करने वाले मजदूर को हाइड्रा ने अपनी चपेट में ले लिया इस हादसे में उसकी मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि ग्राम अकलोरडीह निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई सुनील विश्वकर्मा बीआरडब्ल्यू फैब्रिकेशन कंपनी में कार्यरत था उसे फोन पर सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में उसके भाई की मौत हो गई है घायल अवस्था में सुनील को डायल-112 की मदद से शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों का आरोप है कि हाइड्रा ड्राइवर ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुनील विश्वकर्मा को ठोकर मार दी इससे उसकी मौके पर ही गंभीर चोटें आईं और बाद में मौत हो गई ।

### रामप्यारा पारकर के नाम पर होगा बेलौदी का शासकीय स्कूल



**भिलाई, 12 जून ।** लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन द्वारा रामप्यारा पारकर स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ । महिला उत्थान के लिए रामप्यारा पारकर स्मृति सम्मान समाजसेवी माधुरी कैवर्त को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रान्त प्रमुख एवं समाजसेवी बिसरा राम यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदीप कुमार कैवर्त, अध्यक्ष स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित राजीव चौबे, ट्रस्टी कोषाध्यक्ष निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम के पी साहू तथा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू रहे। अनेक वक्ताओं में कला परंपरा के संपादक डा डी पी देशमुख और समाजसेवी मुन्नी लाल निषाद ने भी अपने विचार प्रकट किए। मुख्य अतिथि बिसरा राम यादव ने भी राम प्यारा पारकर के योगदान पर विस्तार से अपनी बात रखी। आगे उन्होंने कहा कि राम प्यारा पारकर के जन्मभूमि ग्राम बेलोदी के हाईस्कूल को राम प्यारा पारकर के नाम होने के लिए वर्षों से लंबित प्रक्रिया को यथाशीघ्र स्कूल का नाम रामप्यारा पारकर के नाम होने की घोषणा की।

### गया नगर में पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू, जल संकट से मिलेगी राहत

**दुर्ग, 12 जून।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के गया नगरवासियों के लिए आज का दिन विशेष खुशी और राहत लेकर आया। वर्षों से लो-प्रेशर और जल संकट की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक-3 गया नगर स्थित कबड्डी मैदान में नई उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# नेवई-उतई मुख्य मार्ग पर 141 डिजाइनर पोल से जगमगाया 3 किमी का रास्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 12 जून।** नेवई से उतई मुख्य मार्ग पर नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 किलोमीटर तक लगाए गए 141 डिजाइनर पोल का विधायक श्री ललित चंद्राकर ने मुख्यातिथि के रूप में स्विच बटन दबाकर विधिवत लोकार्पण किया। इन पोल की कुल लागत राशि 1.95 लाख है।

लोकार्पण अवसर पर मुख्यातिथि विधायक श्री ललित चंद्राकर ने कहा कि नेवई-उतई मुख्य मार्ग पर डिजाइनर स्ट्रीट लाइट लगने से अब रात में आवागमन करने में सुविधा होगी। छात्र-छात्राओं, कामकाजी महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को अब अंधेरे की वजह से परेशानी नहीं होगी। सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार में शहर हो या गांव, हर क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने निगम प्रशासन और रिसाली के जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही विकास को गति मिलती है।

विधायक ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में रिसाली,नेवई, उतई सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर रिसाली निगम महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, सभापति श्री केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष श्री शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य श्री सनीर साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष श्री राजू जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष श्री अनुपम साहू, महामंत्री श्री नरेन्द्र निर्मलकर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री मनोज साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शिखा तिवारी, रिसाली निगम विधायक प्रतिनिधि श्री गोविन्द साहू, पार्षदगण श्री राहुल राय, श्री धर्मेन्द्र भगत, श्री हरीश नायक, श्री विक्की चन्द्राकर, श्री विधि यादव, श्री परमेश्वर, चंद्रप्रकाश निगम, श्रीमती सविता धवज, श्रीमती रमा साहू, श्रीमती ममता नवीन सिन्हा, श्रीमती ईश्वरी साहू, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती सोनिया देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जून।** भिलाई उतई थाने पुलिस ने नकली सोने को असली बताकर सस्ते दाम में बेचने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले अंतरजिला गिरोह के 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपी जमीन में गड़ा हुआ खजाना एवं हंडा में मिले सोने की कहानी बनाकर लोगों को विश्वास में लेते थे तथा नकली धातु को असली सोना बताकर ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 1.242 किलोग्राम सोने जैसे दिखने वाले नकली धातु के बिस्किट, एक नकली सिक्का, वाहन, मोबाइल एवं अन्य साक्ष्य सामग्री जब्त की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि प्रार्थी जितेंद्र साहू निवासी बोरसी की रिपोर्ट पर थाना उतई में धारा 318 (4), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों ने लोगों को यह विश्वास दिलाते थे कि उन्हें जमीन में गड़ा हुआ हंडा मिला है उसमें सोने के बिस्किट एवं सिक्के प्राप्त हुए हैं आरोपी नकली धातु को असली सोना बताकर कम कीमत में बेचने का प्रलोभन देते थे तथा इस प्रकार लोगों से धन प्राप्त कर धोखाधड़ी करते थे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न जिलों में दबिश दी तकनीकी विश्लेषण, भौतिक साक्ष्य एवं सतत निगरानी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आरोपी दिनेश कुमार टंडन (50 साल ) निवासी गाड़ाडीह, थाना उतई, पन्नालाल कुर्रे (42 साल ) निवासी सीपत पिपरिया जिला कोरबा, गणेशराम गंधर्व (56 साल ) निवासी सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, रामस्वरूप रौतेल (30 साल ) निवासी जगतपुर, थाना करंजिया जिला डिंडोरी (मध्यप्रदेश) व भानुप्रताप डहरिया (40 साल ) निवासी तारा भाटापारा, थाना पाटन को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से बरामद धातु प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत हो रही है, जिसका उपयोग लोगों को ठगने के उद्देश्य से किया जाता था।

# नंदिनी रोड पर अवैध अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जून ।** नंदिनी रोड में उत्पल घोष द्वारा व्यवसाय के लिए किए गए अवैध कब्जे को नगर निगम ने हटाया। निगम को इस संबंध में शिकायत मिली थी कि उक्त स्थल पर निर्माणकर्ता द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा है। निगम को जानकारी मिली कि निर्माणकर्ता को पहले भी उच्च न्यायालय, बिलासपुर के द्वारा पारित आदेश का पालन करते हुए अवैध संरचना हटाने के लिए कई बार नोटिस और अंतिम सूचना जारी की गई थी, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। इस पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-4 के राजस्व विभाग, बेदखली टीम एवं थाना छावनी के पुलिस बल की मौजूदगी में स्थल पर कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि अब नंदिनी रोड पर आवागमन बाधित करने वाला अवैध कब्जा पूरी तरह से हटाया जा चुका है और व्यापारियों एवं आम जनता के लिए मार्ग अब खुला है। बेदखली कार्रवाई के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 12 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के नेहरू नगर के सूने मकान में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर 6 आरोपियों को विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने चांदी के आभूषण, नगदी रकम, वाहन, मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त औजार जब्त किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी विनय कुमार अग्रवाल निवासी नेहरू नगर पश्चिम ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 4 मई को अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर धार्मिक कार्यक्रम में गए थे। अगले दिन वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला तथा आलमारी के लॉक टूटे हुए थे। अज्ञात आरोपियों ने सोना, हीरा, चांदी के आभूषण एवं लगभग 3,40,000 रुपये नगद चोरी कर ले गए थे। रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान विशेष टीम गठित कर घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान मुख्य आरोपी हारिम एवं मोहम्मद नासिर हुसैन ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सूने मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देना पाया गया। आरोपियों ने चोरी के आभूषणों को मेरठ के एक ज्वेलर्स को बेचना तथा चोरी की रकम का आपस में बंटवारा करना स्वीकार किया। पुलिस टीम ने विभिन्न राज्यों में दबिश देकर आरोपियों हारिम निवासी मेरठ, उत्तरप्रदेश, मोहम्मद नासिर हुसैन निवासी नई दिल्ली, मोहम्मद कासिम निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश, सलीम निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश, मोहम्मद बिलाल निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश व दिन मोहम्मद निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, नगदी रकम, मोबाइल, वाहन तथा घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए। प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 238 (क), 61(2), 317 (2) बीएनएस सहित अन्य प्रासंगिक धाराएं जोड़ी गई। सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

### जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता

**दुर्ग, 12 जून ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले में किसान भाईयों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु सतत् भंडारण एवं वितरण की कार्यवाही की जा रही है। जिले में खरीफ 2026 हेतु कुल 67880 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 19842 मीट्रिक टन यूरिया, 3781 मीट्रिक टन डीएपी, 3331 मीट्रिक टन एनपीके, 5248 मीट्रिक टन एमओपी तथा 7187 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 39390 मीट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया गया है एवं सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। अब तक 7778 मीट्रिक टन यूरिया, 2416 मीट्रिक टन डीएपी, 2496 मीट्रिक टन एनपीके,उर्वरक का वितरण किया जा चुका है ।

# जनता की हर समस्या का होगा समाधान : देवेंद्र यादव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जून ।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने अपने जनसंपर्क और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र के नागरिकों से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, बिजली, सड़क, नाली, जल निकासी सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल नहीं मिलने, कई क्षेत्रों में नलों से नियमित पानी आपूर्ति नहीं होने तथा बार-बार बिजली कटौती की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। लोगों ने बिजली बिलों में वृद्धि और लगातार हो रही विद्युत बाधित आपूर्ति को लेकर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। विधायक देवेंद्र यादव ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने तथा जनता को राहत पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। विधायक ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जनभेंट कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने विधायक द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने और त्वरित पहल करने पर संतोष व्यक्त किया।

### एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के श्रीमंत झा ने जीता रजत पदक, शहीदों को किया समर्पित

**दुर्ग, 12 जून ।** किर्गिस्तान के इसिक-कुल में आयोजित प्रतिष्ठित एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमंत झा ने भारत के लिए रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह सफलता 08 से 13 जून तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की अत्यंत कड़े मुकाबले वाली पीआईयूएच-85 किलोग्राम श्रेणी में कजाकिस्तान के मजबूत खिलाड़ी जानिबेक राखातोव को शिकस्त देकर हासिल की। इस नए पदक के साथ श्रीमंत झा के अंतरराष्ट्रीय मेडलों की कुल संख्या अब 65 हो गई है, जो वैश्विक मंच पर उनकी खेल क्षमता को प्रमाणित करती है। अपनी इस ऐतिहासिक कामयाबी पर भावुक होते हुए श्रीमंत झा ने इस रजत पदक को देश की सुरक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।

# संसदीय समिति के सदस्यों ने बीएसपी का किया संक्षिप्त दौरा



**भिलाई, 12 जून ।** वाणिज्य संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य श्रीमती डोला सेन के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को समिति के सदस्यों ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का संक्षिप्त दौरा किया। समिति में राज्यसभा सदस्य डॉ. संगीता बलवंत, धनंजय भीमराव महाडिक, सदानंद म्हालू सेठ तानावड़े एवं बिस्वजीत सिन्हा तथा लोकसभा सदस्य रमेश अवस्थी, आनंद भदौरिया, अतुल गर्ग, के. राजशेखर बसवराज हितनाल, डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले, संतोष पांडेय, डॉ. शिव पाल सिंह पटेल, आमरा राम, श्रीमती अनीता सुभदर्शिनी एवं गिरधारी यादव शामिल थे। इस अवसर पर लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। भिलाई इस्पात संयंत्र पहुंचने पर मानव संसाधन विकास केंद्र में कार्यकारी निदेशक प्रभारी अजय कुमार चक्रवर्ती सहित संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। शुरुआत परिचयात्मक सत्र से हुई। इस दौरान उप प्रबंधक (जनसंपर्क विभाग) सुश्री शालिनी चौरसिया द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से समिति के सदस्यों को भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादन इकाइयों, प्रमुख उत्पादों, विभागीय कार्यप्रणाली, तकनीकी विशेषताओं तथा सीएसआर गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति छबेली जांगड़े पति जगदीश कुमार जांगड़े, निवासी ग्राम दतरेंगी, तहसील पलारी के कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### स्कूल बसों की सुरक्षा उपाय का किया गया परीक्षण,कमियों को दूर करने के दिये निर्देश



**बलौदाबाजार,12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुप्रीम कोर्ट रोड सेप्टी आन कमेटी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त स्कूली बसों का निरीक्षण गुरूवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण बलौदाबाजार में किया गया। निरीक्षण में कुल 86 स्कुल बसों में जांच की कार्यवाही की गई जिसमें कुछ स्कुल बसों में कमियां पाई गई। जिसे सुधार करने हेतु स्कुल संस्था को निर्देशित किया गया है। जांच में उपस्थित सभी 86 बसो के चालक, परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण,नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा किया गया है । जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी के द्वारा स्कुल बसो में अग्निशमक यंत्रों के परिचालन रख -रखाव एवं आगजनित घटनाओ पर आपात स्थिति मे निपटने हेतु परीक्षण दिया गया। सभी चालक, परिचालक को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं सुरक्षित वाहन संचालन के सबंध में निर्देश दिए गए। जांच कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी एम.एल.साहु एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहु उपस्थित थे।

### रोजगार मेला में 40 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन,83 ने साक्षात्कार में लिया हिस्सा

**बलौदाबाजार, 12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में बुधवार को निजी क्षेत्रों के 6 नियोजकों से प्राप्त 143 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में 83 युवाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया एवं 40 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड, बॉयलर ऑपरेटर, इंस्ट्रूमेंट, इलेक्ट्रिशियन एवं फिटर के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया जिसमें 32 आवेदक उपस्थित हुए। न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार द्वारा इंजीनियर के 1 पद हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 1 आवेदक उपस्थित हुए, जिनका प्राथमिक चयन किया गया है। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर एवं लाईफ मित्र के 33 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 58 आवेदक उपस्थित इसमें से 21 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, मैकनिकल इंजीनियर, हेल्पर के, हाइड्रा ड्राइवर के 30 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 19 आवेदक उपस्थित हुए इसमें से 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। इसी तरह ईएलएक्सर कम्युनिकेशंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा वायरमेन, सोलर सिस्टम इंस्ट्रालेशन , जुनियर ड्राफ्टमेन के 26 रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 18 उपस्थित हुए इसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। उत्कर्ष पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल रसेडा बलौदाबाजार द्वारा शिक्षक के 10 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 6 आवेदक उपस्थित थे। रोजगार मेला में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रजनी छड़ीमली,जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत, कौशल विकास विभाग, रोजगार कार्यालय एवं लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई सकरी के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रा लक्ष्मी साहू ने कचलोन नर्सरी में प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 12 जून।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा, दुर्ग की बी.एससी. कृषि चतुर्थ वर्ष की छात्रा लक्ष्मी साहू ने कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत कचलोन (सिमगा) में स्थित नर्सरी का भ्रमण कर नर्सरी प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान उन्होंने नर्सरी संचालक अमन राठौर से मुलाकात कर पौध उत्पादन, रोग प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था एवं विपणन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

अमन राठौर ने बताया कि उनकी नर्सरी की स्थापना लगभग 10 वर्ष पूर्व की गई थी। लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में संचालित है अमन जी ने बताया नर्सरी



तैयार करने के लिए सबसे पहले उपयुक्त स्थान का चयन करना चाहिए। ऐसी भूमि चुननी चाहिए जहाँ जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो तथा सिंचाई का पर्याप्त साधन उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि भूमि को अच्छी तरह जोतकर भुरभुरी बनाया जाता है और उसमें गोबर की सड़ी हुई खाद या कम्पोस्ट मिलाई जाती है।

इसके बाद क्यारियाँ बनाई जाती हैं। सामान्यतः 1 से 1.2 मीटर चौड़ी क्यारियाँ सुविधाजनक मानी जाती हैं। बीजों को बोने से पहले उनका उपचार करना आवश्यक होता है ताकि रोगों और कीटों से बचाव हो सके। उपचारित बीजों को उचित दूरी पर बोकर हल्की मिट्टी से ढक दिया जाता है। अमन जी ने बताया इस नर्सरी में फलदार, फूलदार, सब्जी एवं सजावटी पौधों का उत्पादन किया जाता है। नर्सरी में आम, जामुन, अमरूद, कटहल तथा सीताफल जैसे फलदार पौधों के लगभग 1000 पौधे तैयार किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि आम के पौधों का प्रवर्धन ग्राफ्टिंग विधि द्वारा तथा अमरूद के पौधों का प्रवर्धन लेयरिंग विधि से किया जाता है। इसके अतिरिक्त नर्सरी में गेंदा, गुलाब तथा अन्य आकर्षक फूलों वाले पौधों का भी उत्पादन किया जाता है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए टमाटर, मिर्च, बैंगन एवं गोभी की पौध भी बड़े पैमाने पर तैयार कर विक्रय की जाती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के सजावटी पौधे भी उगाए जाते हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग रहती है।

अमन राठौर ने बताया कि पौध उत्पादन के लिए बीज एवं छोटे पौधे रायपुर, पुणे तथा स्थानीय कृषि केंद्रों से मंगाए जाते हैं। पौधों में रोग प्रबंधन के संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि आम में एन्थ्रेक्नोज तथा गुलाब में ब्लैक स्पॉट एवं पाउडरी मिल्ड्यू जैसी बीमारियां देखने को मिलती हैं। इन रोगों के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब एवं अन्य रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया जाता है। और पौधौ की संक्रमित भागों की छंटाई किया जाता है नर्सरी के सफल संचालन में लगभग 10 श्रमिक योगदान दे रहे हैं, जो निराई-गुड़ाई, पौधों की देखभाल एवं अन्य आवश्यक कार्यों का नियमित रूप से निर्वहन करते हैं। सिंचाई के लिए फ्लड इरिगेशन एवं स्प्रिंकलर पद्धति का उपयोग किया जाता है, जिससे पौधों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होती है।

तैयार पौधों का विक्रय स्थानीय बाजारों, कृषि मेलों तथा सीधे किसानों को किया जाता है। क्षेत्र के अनेक किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार सीधे नर्सरी पहुंचकर पौधे खरीदते हैं। अमन राठौर ने बताया कि नर्सरी व्यवसाय से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख रुपये की आय प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि नर्सरी व्यवसाय कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार एवं आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे किसानों और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रा लक्ष्मी साहू को नर्सरी प्रबंधन, पौध प्रवर्धन तकनीक, रोग एवं कीट नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन तथा कृषि उद्यमिता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त हुईं। यह अनुभव उनके कृषि शिक्षा एवं भविष्य के व्यावसायिक जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### कोरासी में सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जनसंपर्क अभियान

# जनता से सीधे संवाद, विकास कार्यों की घोषणाएं और योजनाओं पर खुली चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 12 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को आरंग विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोरासी पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर की। इसके बाद आयोजित जनसभा में उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

अपने संबोधन में सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और किसानों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं मोदी सरकार की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं, जल जीवन मिशन से घर-



घर नल जल पहुंचा है और आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनकर सामने आई है।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मंच तक सीमित नहीं रहे, बल्कि माइक लेकर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उनसे योजनाओं के संबंध में सवाल-जवाब किए। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी और योजनाओं के लाभों की जानकारी साझा की।

**मांग आई, फैसला हुआ ऑन द स्पॉट:** जनसंवाद के दौरान एक ग्रामीण ने गांव की सड़क निर्माण की मांग रखी। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर सड़क निर्माण प्रस्ताव की जानकारी ली और घोषणा की कि बरसात समाप्त होते ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।इसी दौरान ग्रामीणों ने पेयजल समस्या की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया। सांसद ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर गांव की पेयजल समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।ग्रामीणों की मांग पर सांसद श्री अग्रवाल ने कोरासी में डाकघर भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय संगठनों को भी स्वैच्छिक अनुदान से आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

उन्होंने ग्राम कोरासी के समग्र विकास के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की, जिससे ग्राम पंचायत स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करा सके। सासद श्री अग्रवाल ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनना और मौके पर समाधान सुनिश्चित करना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### जनता से सीधा संवाद

**सांसद ने पूछा** –घर–घर नल लगे हैं कि नहीं?
ग्रामीणों ने जवाब दिया – हाँ, पानी भी आ रहा है।
**सांसद ने पूछा** – आयुष्मान कार्ड बने हैं कि नहीं?
ग्रामीणों ने कहा – हाँ, योजना का लाभ मिल रहा है।
**सांसद ने पूछा** – प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों को घर मिले हैं कि नहीं?
ग्रामवासियों ने बताया– गांव में सैकड़ों आवास बन चुके हैं और गरीब परिवारों का सपना पूरा हुआ है।
**सांसद ने पूछा** – राम मंदिर बनने से खुशी हुई कि नहीं?
पूरा सभा स्थल –जय–जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।
**सांसद ने पूछा** – धारा 370 हटने से कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ा कि नहीं?
ग्रामीणों ने तालियों के साथ समर्थन व्यक्त किया।

## घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया ग्रामीणों से संवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा 12 जून।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा बलौदाबाजार विधान सभा के ग्राम तुलसी-नेवरा एवं बहेसर में घर घर पहुंचे। तिल्दा नेवरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा बलौदाबाजार के ग्राम तुलसी-नेवरा एवं बहेसर में ग्रामीणों से संवाद कर डबल इंजन सरकार की जन हितैषी योजनाओं, विकास कार्यों एवं निर्णयों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है तथा भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद सिमगा ने पौधारोपण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 12 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस की अवसर पर आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षदो के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि ने पर्यावरण के बारे में कुछ उद्बोधन दिया जिसमें हमारे ग्रह और जीवन के भविष्य के लिए वृक्षों की रक्षा और पुनर्स्थापन हेतु स्वयंसेवा करना आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हम दुनिया के हर कोने में रहने वाले सभी लोगों से कहते हैं कि एक पेड़ जरूर लगाए गौठान में बहुत सारे विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया जिसमें पौध रोपण के बाद नगर पालिका के प्रतिनिधि बोल के कहा कि पौधों पर नियमित रूप से खाद पानी आदि डालकर पेड़ बनते तक इनकी देखभाल की जाए। इस अवसर पर युवा नेता करन भाटिया सीएमओ नगर पालिका सिमगा श्रीवास्तव उपाध्यक्ष नगर पालिका सिमगा विकास सोनकर विष्णु जायसवाल पार्षद सचिन जैन पार्षद टैबू देवांगन पार्षद रुजुन सोनकर पार्षद पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी युवा नेता नीरज ठाकुर सुजीत पोनप्पन राहुल शर्मा पूर्व पार्षद पत्रकार सीटू जैन एवं नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक टंकराम वर्मा को क्षेत्रवासियों ने दीं जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 12 जून।** टंक राम वर्मा का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा और जनसमर्पण का प्रतीक माना जाता है। एक शिक्षक के रूप में अपने कार्यकाल से लेकर प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने तक उनकी यात्रा प्रेरणादायक रही है। वे वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होकर छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ?

टंक राम वर्मा का व्यक्तित्व सादगी, सहजता और जनसंपर्क के लिए जाना जाता है। राजनीतिक जीवन में आने से पूर्व वे शासकीय सेवा में शिक्षक रहे तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सक्रिय भूमिका निभाते रहे। समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने वाले वर्मा ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया है। ?बलौदा बाजार क्षेत्र में वे विकास कार्यों, ग्रामीण समस्याओं के समाधान, किसानों के हितों तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी उन्हें जनता के और निकट लाती है। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, कथा-प्रवचनों, सामाजिक कार्यक्रमों तथा जनसेवा के कार्यों में उनकी उपस्थिति समाज के प्रति उनकी आस्था और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मंत्री के रूप में उन्हें राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाद में उन्हें उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व भी दिया गया, जिसके माध्यम से वे प्रदेश में प्रशासनिक सुधार, शिक्षा विकास और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रहे हैं। ?

उनके जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशभर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना कर रहे हैं।

#### शुभकामना संदेश

जनसेवा, विकास और समाज कल्याण के प्रति समर्पित छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी कैबिनेट मंत्री एवं बलौदा बाजार विधायक माननीय टंक राम वर्मा जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन तथा निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामना है।

## बीज उत्पादन प्रक्रिया शीघ्र होगी प्रारम्भ,किसानों को मिलेंगे अधिक आय के साधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,12 जून।** जिले के किसानों को खाद -बीज की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही उनके आय बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में बीज़ उत्पादन की कार्यवाही शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड छेरकापुर एवं कृषि विभाग के समन्वय से किसानों को बीज उत्पादन कार्यक्रम पंजीयन की कार्यवाही की जएगी । बीज उत्पादन हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा बी-1 की छायाप्रति के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर किसान पंजीयन करा सकते हैं।बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु पंजीयन 930 रूपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

अपने खेत की फसल का बीज प्रमाणीकरण हेतु बीज प्रबंधक, छ.ग. राज्य बीज एवं निगम छेरकापुर पलारी कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर निर्धारित समय सीमा में पंजीयन अवश्य करा सकते हैं।बीज़ परीक्षण में मानक प्राप्ति उपरान्त कृषकों को 3850 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि भुगतान किया जाएगा जो कि सामान्य दर 3100 से 750 रूपये अधिक है। जिससे किसानों को अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु 1250 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।आगामी वर्ष 2027 हेतु बीज मांग को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक किसानों को बीज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।

## झीरम घाटी के शहीदों की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 12 जून।** कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. शुक्ल जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता श्री सुनील माहेश्वरी जी ने अपने उद्बोधन में स्व. विद्याचरण शुक्ल जी के राजनीतिक जीवन, जनसेवा एवं कांग्रेस संगठन के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष श्री रिंकू भाटिया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. विद्याचरण शुक्ल जी का जीवन कांग्रेस की विचारधारा, जनसेवा और संघर्ष का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी हमला में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा तथा उनके आदर्श कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पार्षद मो याकूब, जिला कांग्रेस महामंत्री राजा तिवारी,पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, ब्लॉक सचिव यश शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सोनू भोसले, लल्लू पाटकर, रोशन साहू, मुंशी एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों में कुपोषण दूर करने जिला प्रशासन की पहल

# सुपोषण मित्र के माध्यम से होगी कड़ी मॉनिटरिंग,लापरवाही पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जून।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए विशेष सुपोषण अभियान चलाया जाएगा। इस मुहिम की कार्ययोजना एवं संचालन के सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों में लगभग 9000 बच्चे कुपोषित है जो बड़ी संख्या है। बच्चे देश के भविष्य है और उनका सुपोषित होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी 9000 कुपोषित बच्चों को अगले 6 माह में सुपोषित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई है जिसके अनुसार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को मनोयोग से




कार्य करना होगा. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी अधिकारी कर्मचारी बेहतर कार्य करेगा उसे सम्मानित किया जाएगा तथा लापरवाही पर कार्यवाही होगी। सप्ताह में 5 दिन मिलेगा पौष्टिक लड्डू- विशेष सुपोषण अभियान के तहत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 5 दिन एक- एक पौष्टिक लड्डू दिया जाएगा। यह पौष्टिक लड्डू स्थानीय स्तर पर समूह की महिलाओ द्वारा तैयार किया जाएगा। इस पौष्टिक लड्डू का निर्माण गेहूं,बेसन, रागी,मुनगा पॉवडर,गुड़, तिल,मूंगफली जैसे उच्च पौष्टिक पदार्थ से किया जाएगा। प्रातः 10 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र में ही सहायिका द्वारा बच्चों को लड्डू खिलाई जाएगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रति दिन गृह भेंट अंतर्गत बच्चों के घर जाकर उनके माता पिता को बच्चे की सही देख-भाल,समय पर पौष्टिक देने के सम्बंध में जागरूक करेंगे।

गंभीर कुपोषित बच्चों का बनेगा कार्ड- अभियान के तहत सभी 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों का चिरायु टीम के द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। सबसे पहले इनका पीएच सी एवं सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण होगा। स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर आवश्यक दवाई दिया जाएगा. इसके साथ ही हर एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा।भर्ती हेतु 15 -15 दिन के लिए बच्चों का लिस्ट तैयार किया जाएगा।

एक पंचायत एक सुपोषण मित्र- विशेष सुपोषण अभियान की मॉनिटरिंग के लिये एक पंचायत एक सुपोषण मित्र अंतर्गत जिला अधिकारी को सुपोषण मित्र बनाया जाएगा जो पंचायत में एक पंचायत अंतर्गत जितने आंगनबाड़ी केन्द्र है उसका मॉनिटरिंग करेगा। औचक निरीक्षण के दौरान कमियों पर कारवाही होगी. इसके साथ ही सरपंच,वार्ड पार्षद,सचिव को भी कुपोषित बच्चों देखभाल हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया है। छूटे हुए बच्चों का बनेगा आयुष्मान कार्ड - बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कराते हुए छूटे हुए सभी बच्चों का अगले 15 दिन में कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में बाउंड्रीवाल के किनारे युक्त रिक्त जमीन है वहां पपीता और मुनगा के पेड़ लगाने के भी निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी,डीपीओ अतुल परिहार सहित डीपीएम एवं सीडीपीओ उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी सबसे भरोसेमंद व ईमानदार नेता

देश की राजनीति में लोकप्रिय,महान नेता व बड़े नेता तो बहुत हुए हैं और आगे भी बहुत होंगे लेकिन नरेंद्र मोदी देश ही नहीं विश्व के सबसे लोकप्रिय, भरोसेमंद व ईमानदार नेता हैं,इस बात से देश के भीतर भारतीयों को जितना गर्व होता है, उससे ज्यादा गर्व विदेश में रहने वालों भारतीयों को होता है ।उनमें जो एक ईमानदारी का गुण हैं, वह उन्हें देश ही नहीं विदेश के नेताओं के बीच भी अलग पहचान देता है। वह सबसे अलग इसलिए लगते हैं, माने जाते हैं कि वह पूरे ईमानदार हैं। पूरे ईमानदार होने के कारण उन पर लोग पूरा भरोसा करते हैं। उन पर लोग पूरा भरोसा करते हैं, इसलिए वह सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। बाकी नेता अपने दूसरे गुणों के कारण लोकप्रिय होते हैं लेकिन पीएम मोदी ईमानदारी के कारण सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं, बाकी नेताओं की ईमानदारी पर संदेह किया जा सकता है लेकिन पीएम मोदी की ईमानदारी पर जरा भी संदेह नहीं किया जा सकता ।पीएम मोदी के आचार विचार को बरसों देखने वालों को भी हैरत होती है कि कोई आदमी इतना ईमानदार कैसे हो सकता है। देश की जनता ने देखा है कि पांच साल के लिए कोई नेता मंत्री,सीएम,विधायक,सांसद बन जाता है तो पांच साल सत्ता में रहने के कारण वह भ्रष्ट हो जाता है। उसकी संपत्ति बढ़ जाती है, उसके परिवार के लोगों की संपत्ति बढ़ जाती है, पांच साल में ही धन कमाना सबसे प्रमुख काम हो जाता है। जितने साल नेता सत्ता में रहता है उतना धन का मोह बढ़ जाता है। कई नेताओं का धन का लोभ निरंतर सत्ता में रहने के कारण बढ़ता जाता है ऐसे में पीएम मोदी को देश की जनता देखती है तो उसे लगता है देश के नेताओं को पीएम मोदी के समान ईमानदार होना चाहिए ।पीएम मोदी १३ साल गुजरात के सीएम रहे तब भी उनको धन का मोह नहीं था,सीएम रहते लोग कई पीढ़ियों के लिए धन कमा लेते हैं लेकिन पीएम मोदी ने सीएम रहते, पीएम रहते न तो अपने लिए गलत तरीके से धन कमाया और न ही उनके परिवार के लोगों को उनके सीएम,पीएम रहने का कोई फायदा उठाने दिया ।वह पं. नेहरू से ज्यादा दिनों तक पीएम पद पर रहे हैं यह एक रिकार्ड बना है लेकिन लोग उनको इस रिकार्ड के लिए जितना याद करेंगे उससे ज्यादा इस बात के लिए याद करेंगे कि वह सीएम रहते जितने ईमानदार थे, पीएम रहते भी उतने ईमानदार रहे।२५ साल सत्ता में रहने के बाद उनके दामन में बेईमानी का एक दाग नहीं है ।जैसे महात्मा गांधी के विषय में कहा जाता है कि सौ दो सौ साल लोगों को यकीन नहीं होगा कि इस धरा पर कोई महात्मा गांधी जैसा नेता हुआ था, उसी तरह सौ साल बाद लोगों को यकीन नहीं होगा कि नरेंद्र मोदी जैसा ईमानदार नेता भारत में हुआ था। पीएम मोदी ने सत्ता को स्वयंसेवा या परिवार सेवा या पार्टी सेवा का माध्यम नहीं माना, उसे विशुध्द रूप से जनसेवा का माध्यम माना यही वजह है कि सीएम रहते उन्होंने एक प्रदेश में जनसेवा की तो पीएम बनने पर वह १२ सालों से देश की जनता की सेवा कर रहे हैं। देश की जनता पीएम मोदी पर भरोसा करती है कि यह आदमी सत्ता का दुरुपयोग दूसरे नेताओं की तरह नहीं करेगा,यही वजह है कि जनता उन पर भरोसा करती है और उनको देश के चुनाव में लगातार जिताती आ रही है और पीएम मोदी भी जनता के भरोसे की कसौटी पर अब तक खरे उतरे हैं ।उन्होंने जनता से जो वादा किया वह पूरा किया ।जनता के लिए,देश के लिए जो जरूरी लगा वह पहले किया। देश प्रथम वह कहते ही नहीं है, वह देश प्रथम के लिए वह सब करते हैं जो करना जरूरी होता है। देश आर्थिक रूप से मजबूत होना चाहिए तो देश को उन्होंने आर्थिक रूप से मजबूत किया है ।देश सैन्य रूप से मजबूत होना चाहिए तो देश की सेना की मजबूती के लिए वह सब किया है जिससे आज देश की सेना विश्व की मजबूत सेनाओं मे से एक मानी जाती है ।देश के विकास के लिए वह जितने संवेदनशील रहे है,देश की विरासत के लिए उतने ही संवेदनशील रहे हैं ।देश के कई तीर्थस्थलों को जो भव्य रूप मिला है, वह पीएम मोदी की विकास के साथ विरासत का पूरा ख्याल रखने के कारण ही मिला है। वह देश के पहले ऐसे पीएम हैं जिन्होंने देश के विकास के साथ ही विरासत का भी पूरा ख्याल रखा है और जो जरूरी समझा उसे बेझिझक किया है ।तीर्थस्थलों के विकास से किसी क्षेत्र का विकास कितना हो सकता है, इसे उन्होंने अयोध्या,काशी,उज्जैन में करके दिखाया है ।देश को बताया कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए बड़े बड़े उद्योगों के साथ ही बडे भव्य तीर्थस्थल भी जरूरी होते हैं। दूसरे नेताओं व पीएम मोदी में एक अंतर यह भी देखा जा सकता है कि पीएम मोदी जो जिस काम का भूमिपूजन करते हैं, वही उस काम का शुभारंभ भी करते हैं, दूसरे नेताओं की तरह वह सिर्फ शिलान्यास नहीं करते हैं, उसे पूरा भी कराते है और वह जो काम करने की सोचते हैं, वह भव्य होता है और सबसे बड़ा होता है ।भारत मंडपम,नया संसद भवन,कर्तव्य पथ, पीएम सचिवालय, बड़े पुल, बड़े टनल, सबसे ऊंचा पुल, सबसे लंबा पुल,सबसे बड़ा स्टेडियम, सबसे बड़ी मूर्ति,अयोध्या में सबसे भव्य मंदिर आदि इस बात के उदाहरण है कि पीएम मोदी ने कुछ काम ऐसे किए हैं कि उनको उस काम के लिए सदियों याद किया जाता रहेगा।

**विश्लेषण**

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पाँच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की "पड़ोसी प्रथम" नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध केवल रणनीतिक हितों से संचालित नहीं होते, बल्कि उनमें संवेदनशीलताओं, जनभावनाओं और पारस्परिक सम्मान का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है।

भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक संबंध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है। हाल के समय में बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हुए बदलावों ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण भारत की भूमिका को लेकर अलग-अलग धारणाएँ विकसित हुई हैं। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक समूहों में यह धारणा बनी कि भारत किसी विशेष राजनीतिक शक्ति के प्रति अधिक सहानुभूति रखता है, जबकि भारत अपनी ओर से स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की बात करता रहा है। इस प्रकार की धारणाएँ चाहे तथ्यात्मक रूप से सही हों या नहीं, वे विश्वास के वातावरण को प्रभावित करती हैं और संबंधों में मनोवैज्ञानिक दूरी उत्पन्न करती हैं। तीस्ता नदी के जल बँटवारे का मुद्दा लंबे समय से दोनों देशों के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश के लिए तीस्ता नदी का जल कृषि और आजीविका की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से प्रस्तावित समझौता विभिन्न कारणों से लंबित है, जिससे बांग्लादेश में यह भावना विकसित हुई है कि उसकी चिंताओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही। भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों की भूमिका भी इस विषय को जटिल बनाती है, लेकिन समाधान में देरी ने अविश्वास को बढ़ावा दिया है। जल संसाधनों के न्यायसंगत और टिकाऊ प्रबंधन के बिना दीर्घकालिक विश्वास निर्माण कठिन प्रतीत होता है। सीमा संबंधी मुद्दे भी संबंधों में तनाव का कारण बने हैं। तस्करी, अवैध आव्रजन और सीमा सुरक्षा की चुनौतियों के कारण कई बार सीमा पर अप्रिय घटनाएँ हुई हैं। नागरिक हताहतों की घटनाओं ने बांग्लादेश में व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न की है और भारत की छवि पर भी प्रभाव डाला है। यद्यपि दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ समन्वय बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं, फिर भी ऐसी घटनाएँ आम लोगों के मन में नकारात्मक भावनाएँ पैदा करती हैं। पड़ोसी देशों के बीच सीमा केवल सुरक्षा का विषय नहीं होती, बल्कि मानवीय और सामाजिक संबंधों से भी जुड़ी होती है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) जैसे मुद्दों ने भी बांग्लादेश में कुछ आशंकाएँ उत्पन्न कीं। यद्यपि भारत ने बार-बार स्पष्ट किया कि ये उसकी आंतरिक नीतियाँ हैं, फिर भी बांग्लादेश में यह चिंता व्यक्त की गई कि इनका अप्रत्यक्ष प्रभाव भविष्य में दोनों देशों के संबंधों पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नीतियों की वास्तविकता के साथ-साथ उनकी सार्वजनिक धारणा भी महत्वपूर्ण होती है और यही कारण है कि ऐसे मुद्दे कभी-कभी कूटनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं।दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता भी भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। बांग्लादेश ने अपनी विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चीन सहित कई देशों के साथ आर्थिक और अवसंरचनात्मक सहयोग बढ़ाया है। भारत के लिए यह स्वाभाविक चिंता का विषय है कि क्षेत्र में किसी बाहरी शक्ति का अत्यधिक प्रभाव उसके रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में संतुलन बनाए रखते हुए विभिन्न देशों से निवेश और तकनीकी सहयोग प्राप्त करना चाहता है। इस स्थिति में दोनों देशों के लिए पारदर्शिता और संवाद अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। व्यापारिक असंतुलन भी अविश्वास के कारकों में शामिल है। यद्यपि द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसका लाभ अपेक्षाकृत अधिक भारत को मिलता हुआ दिखाई देता है। बांग्लादेश लंबे समय से भारतीय बाजार में अपने उत्पादों की बेहतर पहुँच तथा गैर-शुल्क बाधाओं में कमी की मांग करता रहा है। आर्थिक संबंधों में असंतुलन की भावना यदि लंबे समय तक बनी रहे तो वह राजनीतिक संबंधों को भी प्रभावित कर सकती है। इसलिए आर्थिक साझेदारी को अधिक संतुलित और समावेशी बनाना समय की आवश्यकता है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने भी संबंधों को प्रभावित किया है। आज गलत सूचनाएँ, भ्रामक प्रचार और राष्ट्रवादी भावनाओं को भड़काने वाली सामग्री बहुत तेजी से फैलती है। कई बार छोटी घटनाएँ भी डिजिटल मंचों पर बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत की जाती हैं, जिससे दोनों देशों के नागरिकों के बीच गलतफहमियाँ उत्पन्न होती हैं। ऐसे वातावरण में सरकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे तथ्यपरक संवाद को बढ़ावा दें और दुष्प्रचार पर प्रभावी नियंत्रण रखें। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने रणनीतिक हितों और पड़ोसी देशों की संवेदनशीलताओं के बीच संतुलन स्थापित करे। एक बड़ी क्षेत्रीय शक्ति होने के कारण भारत की नीतियों का प्रभाव उसके पड़ोसियों पर स्वाभाविक रूप से पड़ता है। इसलिए केवल राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है; पड़ोसी देशों की आशंकाओं और अपेक्षाओं को समझना भी उतना ही आवश्यक है। इसी प्रकार बांग्लादेश को भी यह समझना होगा कि भारत की सुरक्षा चिंताएँ, विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित प्रश्न, उसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दोनों देशों को एक-दूसरे की वैध चिंताओं का सम्मान करना होगा। विश्वास बहाली के लिए सबसे पहले लंबित मुद्दों के समाधान की दिशा में ठोस पहल आवश्यक है। तीस्ता जल समझौते को प्राथमिकता देकर दोनों देश एक सकारात्मक संदेश दे सकते हैं। सीमा प्रबंधन में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना, संयुक्त गश्त और तकनीकी सहयोग को बढ़ाना भी आवश्यक है।

व्यापारिक असंतुलन को कम करने के लिए बांग्लादेशी उत्पादों को भारतीय बाजार में अधिक अवसर दिए जा सकते हैं। ऊर्जा, परिवहन और संपर्क परियोजनाओं को गति देकर दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक परस्पर निर्भर बनाया जा सकता है। उच्च स्तरीय राजनीतिक संवाद को नियमित और संस्थागत स्वरूप देना भी आवश्यक है। जब देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद बना रहता है, तब गलतफहमियों की संभावना कम हो जाती है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति, खेल, मीडिया और पर्यटन के माध्यम से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना चाहिए। सरकारों के बीच विश्वास जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण नागरिकों के बीच विश्वास भी है। सांस्कृतिक निकटता दोनों देशों की सबसे बड़ी शक्ति है और इसे संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है। क्षेत्रीय मंचों जैसे बिंस्टेक् और बीबिन के माध्यम से सहयोग को बढ़ावा देना भी उपयोगी होगा। साझा आर्थिक और रणनीतिक हितों पर आधारित क्षेत्रीय सहयोग अविश्वास को कम करने में सहायक हो सकता है। जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा सहयोग जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास दोनों देशों को और निकट ला सकते हैं। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल दो देशों के बीच की साझेदारी नहीं हैं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, भाषा, भूगोल और साझा संघर्षों से निर्मित एक विशेष संबंध हैं। हाल के वर्षों में उत्पन्न तनाव और अविश्वास यह अवश्य दर्शाते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में संवेदनशीलताओं और रणनीतिक हितों के बीच संतुलन बनाए रखना कितना आवश्यक है। संवाद, सहयोग, पारस्परिक सम्मान और साझा विकास की भावना के आधार पर दोनों देश वर्तमान चुनौतियों को अवसर में बदल सकते हैं। यदि भारत और बांग्लादेश विश्वास की नई नींव पर अपने संबंधों का पुनर्निर्माण करते हैं, तो न केवल द्विपक्षीय संबंध अधिक मजबूत होंगे, बल्कि दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग भी अधिक प्रशस्त होगा।

## सू- दोकू क्र.067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.066 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -067

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## राशिफल

**मेष राशि** आज का दिन मिला-जुला रहेगा, लेकिन आपकी सकारात्मक सोच हर स्थिति को आसान बना देगी। मन में ईर्ष्या या नकारात्मकता रखने से बचें। सेहत से जुड़ी किसी पुरानी समस्या को अब नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। रिश्तों में गर्माहट लौटेगी और सगे-संबंधियों से मुलाकात का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के साथ पुरानी अनबन दूर होगी और साथ में कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

**वृषभ राशि** आज भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा। मेहनत का फल मिलेगा और आय बढ़ाने के नए रास्ते खुल सकते हैं। कोर्ट-कचहरी का मामला आपके पक्ष में जा सकता है। रिश्तों में चल रही खटास बातचीत से खत्म होगी। भाई-बहनों का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा। दोस्तों का दायरा बढ़ने से सामाजिक जीवन में रौनक बनी रहेगी।

**मिथुन राशि** आज का दिन संतुलन और शांति लेकर आएगा। किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होकर मन को सुकून मिलेगा। राजनीति या सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोग जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें। आप अपने लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। पुराने मनमुटाव को खत्म करने के लिए पहल करेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास लौटेगी।

**कर्क राशि** आज का दिन सामान्य लेकिन स्थिर रहेगा। नए काम की शुरुआत का विचार मन में आ सकता है, लेकिन अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा न करें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय रिश्तों को और मजबूत करेगा। किसी काम में समय पर मदद मिल जाएगी। पिताजी की किसी बात से मन थोड़ा दुखी हो सकता है।

**सिंह राशि-** आज परिवार और रिश्तों में तालमेल बनाए रखना आपके लिए बेहद जरूरी होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपकी समझदारी उनके हर प्रयास को कमजोर कर देगी। संतान की संगति पर नजर रखें। घूमने-फिरने की योजना बन सकती है। नौकरी से जुड़ी परेशानी होने पर नए विकल्पों पर विचार करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या राशि** आज दिल की कोई इच्छा पूरी होने से मन खुश रहेगा। जीवनसाथी के लिए कोई खास गिफ्ट खरीद सकते हैं। माता-पिता की सेवा में समय बिताकर आत्मिक शांति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में समस्याओं को लेकर वरिष्ठों से खुलकर बातचीत करना फायदेमंद रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के प्रयास तेज होंगे। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**तुला राशि-**आज खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलना जरूरी होगा। काम का दबाव ज्यादा रहेगा और परिवार को लेकर भी चिंता बनी रह सकती है। संतान की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। बिजनेस में बदलाव करने का विचार मन में आएगा।

**वृश्चिक राशि** आज मन किसी फैसले को लेकर उलझा रह सकता है, लेकिन खुद पर भरोसा रखना जरूरी होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। गुस्से पर कंट्रोल रखना आज सबसे बड़ी सीख साबित होगा। बिजनेस से जुड़ी समस्या को सुलझाने के लिए पार्टनर से खुलकर बात करनी होगी। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखना बेहतर रहेगा।

**धनु राशि-**आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा। जरूरी कामों को टालना नुकसान दे सकता है। परिवार के मामलों को मिल-बैठकर सुलझाने से रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी नए काम की शुरुआत का विचार बन सकता है। पिताजी से सलाह लेने पर मन की चिंता दूर होगी। रुका हुआ काम पूरा होने से राहत मिलेगी।

**मकर राशि-**आज जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाना होगा। नई जिम्मेदारी या प्रोजेक्ट मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। निवेश से लाभ मिलने के योग हैं। खानपान में सुधार से सेहत बेहतर रहेगी। मन की कोई इच्छा पूरी होने से खुशी का माहौल रहेगा। वैवाहिक जीवन में तालमेल अच्छा बना रहेगा, हालांकि भागदौड़ बनी रह सकती है।

**कुंभ राशि**=आज चुनौतियां तो आएंगी, लेकिन परिवार और दोस्तों का साथ आपको मजबूत बनाए रखेगा। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें। आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा। लंबी दूरी की यात्रा के योग बन रहे हैं। किसी दूर रहने वाले अपने की याद भावुक कर सकती है। विद्यार्थी करियर से जुड़े कामों में व्यस्त रहेंगे।

**मीन राशि-**आज सामाजिक और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में सफलता के संकेत हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी के नए अवसर सामने आ सकते हैं। माता-पिता के साथ संपत्ति को लेकर चर्चा हो सकती है। अचानक यात्रा का योग बन रहा है, जो लाभदायक साबित होगी।

# गटर के कॉकरोच !

व्यंग्य ...

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**



कभी बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन सिल्वर स्क्रीन पर कॉकरोच को लेकर शानदार कॉमेडी करते नजर आए थे । वे नशे में धुत्त होने के बाद कॉकरोच के सामने अपनी भड़ास निकालते अभिनय कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को लुभाते देखे गए थे । तब हमारे देश की जनता ने उसे एक फिल्म का दृश्य मानकर बात आई ..गई , हो गई कि तर्ज पर भुला दिया था । अब वही कॉकरोच एक बड़ी क्रांति के रूप में राजनीतिक गलियारों में कभी सीधा तो कभी उल्टा पलटकर सीधा होने के प्रयास में बिखरे - बिखरे टुकड़ों को जोड़ने का प्रयास करता दिख रहा है । जिस कॉकरोच को दूर से देखकर ही महिलाएं चीख पड़ती हैं , आज उसी कॉकरोच को पश्चिम बंगाल की तड़पती आत्मा और विदेशी धरती से भारत वर्ष की संस्कृति में पदार्पण करने वाली नेत्री ने अपने सुकोमल हाथों से सहलाना शुरू किया है ! क्या अब कॉकरोच भयाक्रांत करना छोड़ चुके हैं ? या फिर कॉकरोच को ही टुकड़े -टुकड़े दलों ने मजबूत जोड़ वाले फेविकोल के रूप में स्वीकार कर लिया है ? हमारे देश में इस वक्त बड़ा सवाल यह नहीं कि गरीब और औसत दर्जे वाले परिवारों को महंगाई से राहत कैसे और कब दिलाई जा सकेगी ? हमारे देशवासियों को चलने के लिए अच्छी सड़कें कब मिल पाएंगी ? बेरोजगारी का मंजर कब हमारे देश का पीछा छोड़ेगा ? राष्ट्रीय चिंता के रूप में सबसे बड़ी फिक्र इस बात की है कि " कॉकरोच जनता पार्टी " ( सी जे पी ) किस दल के साथ गठबंधन करेगी ? मेरी कलम सोचती है कि ये वही कॉकरोच हैं , जिन्हें हम अपनी रसोई से बाहर भगाने तरह - तरह के जतन करते आ रहे हैं ! क्या मजाल कि कोई दवा ( हिट सहित ) इन्हें भगा सके ! ये कॉकरोच हमारे सोने का इंतजार करते रहते हैं । जैसे ही घरों की लाइटें बंद हुई - अंधेरा इन्हें ऐसे एकत्र करता है , मानो कोई राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो । मुझे तो ऐसा लगता है जैसे रात में गैस चूल्हों पर पूरी संसद एकत्र हो गई हो ! लोकतंत्र की रक्षा के लिए छोटे - बड़े , दुबले - पतले , भारी - भरकम शरीर वाले कॉकरोच अपनी -अपनी चिंता प्रकट कर रहे हों । इनकी आत्मा से निकलने वाली आवाजें एक साथ ऐसा संगीत तैयार करती हैं , जिनके आगे हमारी नींद भी हार जाती है ! एक युवक के दिमाग की उपज ने रातों - रात कॉकरोच जनता पार्टी बनाकर यहाँ -वहाँ भटक रहे लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया । पार्टी का चुनाव चिन्ह भी जल्द ही सोशल मीडिया पर लॉन्च किए जाने की तैयारी है । कुछ का मानना है कि चुनाव चिन्ह ऐसा होगा जो आम जनता को भावनात्मक रूप से अपनी ओर आकर्षित कर सके । मसलन - " मोटा भाई की चप्पल से बचा हुआ कॉकरोच ! " कुछ कॉकरोचों को यह जवाबदारी भी सौंपी गई है कि वे एक अच्छा सा नारा तैयार करें , जो मतदाताओं को बरगला सके । यह सुनने में आ रहा है कि एक संत से भय खाते हुए कॉकरोच के सरदार ने एक नारा तैयार भी कर लिया है । वह कुछ इस तरह बताया जा रहा है - " हिंदुस्तान के हर घर की रसोई हमारी बंकर होगी , विकास के लिए नालियों और घुड़ादानों का निर्माण होगा ! " अभी इस नारे पर मुहर लगना बाकी है ।

चुनाव की बिसात पर जीत का आधार प्रायः पार्टियों का घोषणा पत्र बनता आ रहा है । इसे मुख्य मुद्दा बनाते हुए कॉकरोच पार्टी से जुड़े एक पुराने दल के तोतानुमा नाक वाले नेता ने अपना घोषणा पत्र कुछ इस तरह बनाकर रख भी लिया है । उस नेता ने सबसे पहला पॉइंट कॉकरोचों की पसंद के अनुसार अंधेरे को चुनते हुए कहा है कि हमारी सत्ता आते ही सबसे बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन अंधेरे का साम्राज्य होगा ! वह इसलिए ताकि कॉकरोच हर घर में शान के साथ सम्मान पूर्वक अपना स्थान बना सके । मेडिकल स्टोर्स से लेकर कृषि वस्तु की दुकानों और मनिहारी दुकानों पर बेची जाने वाली हिट अथवा लाल रंग की उन दवाओं पर प्रतिबंध होगा जिससे कॉकरोच का जीवन संकट में पड़ता हो ! हर रसोई में रात के बचे हुए भोजन को तरीके से रखने का दिशा निर्देश जारी करते हुए उक्त भोजन को कॉकरोच राष्ट्रीय भोज का नाम दिया जायेगा ! किसी भी आम और खास के लिए यह आसान नहीं होगा कि वह रात्रि के दौरान किसी भी वक्त लाइट जला सके ! इसके लिए पहले से अनुमति लेनी होगी ! पार्टी का हर राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर का अधिवेशन किसी पुराने और जर्जर गोदाम में ही सम्पन्न किया जाएगा ताकि कॉकरोचों को बैठने के लिए स्थान की कमी न हो । वे दीवारों की दरार में घुसकर भी पार्टी के वरिष्ठ नेता का भाषण आसानी से सुन सकें !

कोकरोचों के अस्तित्व पर गहराई से मंथन करते हुए सत्ता से बाहर भटक रहे राजनीतिकार उनसे गठबंधन करने हाथ - पांव मारते दिखाई पड़ रहे हैं ! उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कॉकरोच कभी खत्म नहीं होते ! बड़े से बड़ा सत्ता परिवर्तन हो सकता है । प्रधानमंत्री बदला जा सकता है । विचार धाराओं में समाज की मांग के अनुसार परिवर्तन आ सकते हैं । बावजूद इन सबके क्या मजाल कि कोई कॉकरोचों की सोच अथवा उनके अस्तित्व को मिटा सके ! कॉकरोच हर युग में जीवित थे , जीवित हैं और जीवित ही रहेंगे ! कॉकरोच प्रजाति की इसी अमरता से प्रभावित होकर अपनी राजनीति खो चुके नेता पुनः अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहते हैं ! मुझे डर है कि कहीं कॉकरोचों को देखकर अब महिलाएं अपना डर छोड़कर उन्हें दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम करना शुरू न कर दें ! कारण यह कि कौन सा कॉकरोच कब सांसद , विधायक या पार्षद बन जाए , कहा नही जा सकता है ! आजकल सोशल मीडिया ने कॉकरोच विचार को राजनीतिक व्यंग्य का स्वरूप प्रदान किया है । मिम्स के ज़रिए कुछ सच्चाई भी सामने आने लगी है । मसलन - " हम वहीं जिंदा रहते हैं , जहाँ सिस्टम मर जाता है !" हमारा मुख्यालय वहीं होता है , जहाँ वाईफाई आसानी से चल पाए ! घोषणा पत्र का मुख्य बिंदु भी कम आकर्षक नहीं है -" पहले सरवाइव करेंगे , फिर विकास की ओर अग्रसर होंगे !" इन सबके बीच सबसे चर्चित लाइन बन गई है - " जब देश को गटर बनाओगे , तो कॉकरोच ही पैदा होंगे !

## एक नजर

### कोटमसर गुफा का प्रवेश द्वार 15 जून को बंद हो जाएगा

**जगदलपुर, 12 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित प्रसिद्ध कोटमसर गुफा का प्रवेश द्वार प्रतिवर्ष के अनुसार 15 जून को बंद हो जाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की पहचान मानी जाने वाली कुटुमसर गुफ़ा देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। वर्षा ऋतु में गुफ़ा के भीतर जलभराव, फिसलन और प्राकृतिक जोखिम बढ़ जाने के कारण वन विभाग द्वारा एहतियातन इसे बंद किया जाता है। मौसम सामान्य होने के बाद सितंबर-अक्टूबर में पुनः पर्यटकों के लिए खोला जाता है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गुफ़ा के भीतर प्राकृतिक परिस्थितियों को देखते हुए मानसून अवधि में प्रवेश प्रतिबंधित करना आवश्यक होता है। वहीं, बारिश समाप्त होने के बाद गुफ़ा की स्थिति का निरीक्षण कर पुनः संचालन शुरू किया जाएगा।

### तेवाड़ा में एचपीसीएल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित

**दंतेवाड़ा, 12 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के आम नागरिकों, किसानों, परिवहन संचालकों और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने आज गुरुवार को सूचित किया है कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य आपूर्ति केंद्र से तकनीकी कारणों के चलते जिले के कुछ पेट्रोल और डीजल पंपों में ईंधन की सप्लाई अस्थायी रूप से बाधित हो गई है। प्रभावित होने वाले पंपों में मुख्य रूप से गीदम का दंतेश्वरी सर्विस सेंटर, बचेली का स्टार पेट्रोल पंप, दंतेवाड़ा के एस.आर. फ्यूल व जोगीसोरी फ्यूल, नकुलनार का भदावर फ्यूल, बारसूर का साईं राम पेट्रोलियम, जमावड़ा का गजलू गुरुजी पेट्रोलियम तथा कटेकल्याण का युगांत फ्यूल शामिल हैं। कंपनी द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र सामान्य करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं तथा यथाशीघ्र पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की कार्रवाई जारी है।

### पॉलीटेक्निक में पीपीटी के बिना डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश

**जगदलपुर, 12 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आज 11 जून से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सीधे प्रवेश का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। पॉलीटेक्निक परिसर में ÷अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र÷ की स्थापना की गई है, जहां पहुंचकर छात्राएं निःशुल्क मार्गदर्शन के साथ ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकती हैं। संस्था में वर्तमान में मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय डिप्लोमा में प्रवेश मिलेगा।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**नारायणपुर 12 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है। इस अवधि में प्रदेश के नदी, नाले, जलाशय एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मत्स्य विभाग के अनुसार यह प्रतिबंध छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 के तहत लगाया गया है। हालांकि ऐसे छोटे तालाब, जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है, तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। विभाग ने मछुआरा समुदाय एवं आम नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

### पैसेंजर ट्रेन 21 जून तक किरंदुल नहीं जाएगी

**जगदलपुर,12 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशाखापट्टनम-किरंदुल पैसेंजर ट्रेन आगामी 21 -जून तक किरंदुल स्टेशन तक नहीं पहुंचेगी। रेलवे ने यह निर्णय भांसी और कमलूर स्टेशन के बीच चल रहे दोहरीकरण कार्य के चलते लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित खंड में ट्रैक दोहरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण और तकनीकी कार्यों के दौरान सुरक्षा कारणों से ट्रेन संचालन में बदलाव किया गया है।

# जगदलपुर शहर के साथ संपूर्ण बस्तर जिले में व्यवस्थित पौधरोपण की बनी योजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 12 जून।** नगर पालिक निगम के 48 वार्ड एवं आस-पास के क्षेत्र सहित संपूर्ण बस्तर जिले में व्यवस्थित पौधरोपण की योजना बनाई जा रही है। जहां जमीन उपलब्ध है, जिसमें कम से कम 10 पौधे लगाए जा सके ऐसे स्थान को चिन्हित कर योजना बनाई जा रही है। जगदलपुर महापौर संजय पांडे एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक बस्तर संभाग आलोक तिवारी डीएफओ बस्तर उत्तम गुप्ता इस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस संदर्भ में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पर्यावरण उप समिति के एवं पर्यावरण प्रेमियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जगदलपुर शहर के संपूर्ण 48 वार्ड में ऐसे स्थान का चयन किया जाए जहां कम से कम विभिन्न प्रजाति के 10 पौधे लगाए जा सकें। ऐसे स्थान भविष्य में किसी योजना का हिस्सा ना बने तथा किसी प्रकार की आपत्ति ना हो। यह स्थान नजूल, शासकीय भूमि, निजी भूमि अथवा कॉलोनी का स्थान भी हो सकता है, जिसमें संबंधित के द्वारा सहमति भी प्रदान हो। ऐसे स्थान का चयन स्थानीय पार्षद, विभाग, कालोनी, निगम,संबंधित की भी सहमति हो। स्थान के चयन हो जाने के पश्चात वहां भूमि में उचित प्रकार की प्रजाति के पौधे शहरवासी, स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों के साथ उत्सव के रूप में लगाया जाएगा।

प्रत्येक स्थान पर पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय लोगों को जिम्मेदारी लेने हेतु आह्वान किया जा रहा है। पौधा लगाने के बाद ऐसे पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा उन पौधों का फॉलोअप भी लिया जावेगा। पौधारोपण के दिन से ही 1000 दिन तक पौधे को जीवित रखने का संकल्प लेने वाले पर्यावरण प्रेमी, वार्ड वासी,कोई परिवार, समाज, संगठन भी हो सकते हैं। जो रुचि ले रहे हैं, वह अपने वार्ड पार्षद, रेड क्रॉस सोसाइटी के कोई सदस्य, शहर के पर्यावरण प्रेमी से संपर्क कर सकते हैं। सहमति के लिए 998 135 9606 पर भी संपर्क कर सकते हैं या व्हाट्सएप कर सकते हैं। उपस्थित लोगों ने बस्तर जिला एवं जगदलपुर में गत 10 से 15 वर्ष में तापमान बढ़ोतरी पर चिंता की। सभी ने आपसी सहमति से इसके निदान के लिए वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण माना तथा इस दिशा में सभी मिलजुल कर अपने स्तर पर प्रयास करें इस पर सहमति व्यक्त की।

इस दौरान महापौर की प्रतिनिधि के रूप में एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही ,लक्ष्मण झा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पर्यावरण उप समिति के अध्यक्ष विधु शेखर झा,सुभाष क्षेत्रपाल,संतोष वर्मा,अंजू झा सह सचिव,एच वाई कुकड़े,रतन व्यास,रामनरेश पांडे, उमा गुप्ता, प्रेमजीत निराला, देवेंद्र देवांगन,नवीन बोथरा,संजीव पिल्ले, पी नागेंद्र,पूर्णिमा सरोज,अभिषेक कौशल ,विनय डनसेना , एसडीओ योगेश रात्रे, रेंजर देवेंद्र वर्मा सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# बस्तर जिला किसान कांग्रेस ने निकाली आक्रोश रैली,9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

■ भाजपा सरकार में कालाबाजारी चरम पर,खाद बीज,डीजल संकट से किसान त्रस्त, सरकार सिर्फअपनी वाहवाही लूटने में व्यस्त-सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 12 जून।** आज शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में व बस्तर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप की अगुवाई में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा किसान आक्रोश रैली निकाल भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं,कृषि कार्यों में आ रही बाधाओं तथा खाद-बीज की कालाबाजारी के विरोध सहित 9 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन सौंपा गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बस्तर सहित पूरे प्रदेश का किसान आज आर्थिक संकट, बढ़ती लागत और प्रशासनिक लापरवाही से जूझ रहा है। यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भाजपा सरकार किसानों के हित में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए।खरीफसीजन के दौरान किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। वहीं दूसरी ओर कालाबाजारी और जमाखोरी के कारण किसानों को बाजार से अधिक कीमत पर खाद-बीज खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।भाजपा सरकार में किसानों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। खाद, बीज और डीजल की समस्या से किसान परेशान हैं, लेकिन सरकार केवल प्रचार और वाहवाही लूटने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश में किसानों को उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है,जो सरकार की विफलता को दर्शाता है।प्रशासन की उदासीनता के कारण कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और किसान शोषण का शिकार हो रहे हैं। कुल मिलाकर यह भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का परिणाम है कांग्रेस पार्टी सख्त चेतावनी है है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर में व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और भाजपा सरकार की होगी।

बस्तर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार किसानों की आवाज सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। यह सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही है खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों पर सरकार की उदासीनता के कारण किसानों में भारी नाराजगी है।किसान देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं,लेकिन भाजपा सरकार में आज वही किसान अपनी आवश्यकताओं के लिए दर-दर भटक रहा है। किसान कांग्रेस किसानों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी और उनकी अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। किसान कांग्रेस की मांग है कि किसानों को सहकारी समितियों एवं अधिकृत केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए, खाद-बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए।साथ ही धान खरीदी केंद्रों में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी भाजपा सरकार कार्रवाई करे इसके साथ किसानों को समय पर कृषि ऋण उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को परेशानियों का सामना किया करना पड़े।भाजपा सरकार किसानों की सभी 9 सूत्रीय मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर राहत प्रदान करें।कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान केवल घोषणाओं से नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई से होगा। भाजपा सरकार को किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।यदि किसानों की 9 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो किसान कांग्रेस आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी। किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमारा यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# हत्या का आरोपित पैरोल पर जेल से निकलकर हुआ था फरार, 21 वर्ष बाद हुई गिरफ्तारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 12 जून।** जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में दोषी एक आरोपी सोढ़ी मासा (45) निवासी कटेकल्याण के गाटम डोंगरीपारा को पुलिस ने 21 वर्ष बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी साल 2005 में पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद वह तेलंगाना में नाम बदलकर रह रहा था। पुलिस ने उसे तेलंगाना के कोत्तागुडेम क्षेत्र से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे आज गुरूवार को फिर केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार हत्या का मामला वर्ष 2001 का है। उस समय आरोपी की उम्र करीब 20 से 24 वर्ष के बीच रही होगी। हत्या के मामले में गिरफ्तार होने के बाद वह केंद्रीय जेल जगदलपुर में बंद था।

कटेकल्याण पुलिस के अनुसार वर्ष 2005 में सोढ़ी मासा को 14 दिनों की पैरोल पर अपने गांव जाने की अनुमति मिली थी। पैरोल की अवधि खत्म होने के बाद उसे वापस जेल पहुंचना था, लेकिन वह नहीं लौटा। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। फरारी के दौरान आरोपी तेलंगाना राज्य के कोत्तागुडेम इलाके के कासनपल्ली गांव में रहने लगा। वहां उसने अपना नाम बदलकर लालाराम सोढ़ी रख लिया था, ताकि उसकी पहचान छिपी रहे और पुलिस तक उसकी जानकारी न पहुंच सके।

कटेकल्याण पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी का बेटा हड़मा उर्फ सुरेश सोढ़ी गांव आया हुआ है। पूछ-ताछ में पुलिस को पता चला कि उसका पिता तेलंगाना के कोत्तागुडेम क्षेत्र में रह रहा है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा और एसडीओपी कटेकल्याण के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई। टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तेलंगाना भेजा गया। पुलिस टीम ने कोत्तागुडेम पहुंचकर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे जगदलपुर लाया गया और प्रथम अपर सत्र न्यायालय में पेश किया गया। अदालत के आदेश पर आज गुरूवार को आरोपी सोढ़ी मासा को केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया है।

# महिला की निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 12 जून।** जिले के थाना बांदे पुलिस ने महिला की आपत्ति जनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग करने वाले आरोपी महेश कलखांबकर (41 वर्ष), निवासी सिंगदेवनगर, सुलगा, थाना काकती, जिला बेलगाम (कर्नाटक) को आज गुरूवार को पखांजूर क्षेत्र के एक होटल से गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर रवानाा कर दिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक सैमसंग मोबाइल फोन भी बरामद किया है। कांकेर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर अपराध, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, धमकी या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

बांदे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 5 जून को थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई थी कि बेलगाम (कर्नाटक) निवासी महेश कलखांबकर उसे और उसकी बहन को अप्रैल 2026 में गोवा घुमाने ले गया था। इस दौरान आरोपी ने उसके निजी फोटो और वीडियो अपने पास सुरक्षित रख लिए थे। शिकायत में बताया गया कि बाद में महिला के किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लेने पर आरोपी नाराज हो गया और उसे लगातार परेशान करने लगा। आरोपी स्वयं को महिला का प्रेमी बताकर उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करता था, तथा उसके पति और परिजनों को फोन कर अनर्गल बातें कहकर प्रताड़ित करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने महिला के परिजनों के मोबाइल नंबरों पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजे तथा उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग की।

शिकायत के आधार पर थाना बांदे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(2), 79 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(ई) और 67(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी पखांजूर क्षेत्र के एक होटल में ठहरा हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामचन्द्र साहू, पीएसआई विवेक वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक देवनारायण बंजारे, प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम तथा थाना बांदे के पुलिस स्टाफ का येगदान रहा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में कोचिंग के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव 10 जुलाई तक आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत जगदलपुर के धुरगुड़ा में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लेकर 2029-30 तक यानी आगामी चार वर्षों के लिए विशेष अध्यापन और कोचिंग व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस पहल के तहत कक्षा नवमी, 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्कृष्ट फैकल्टी का मार्गदर्शन मिल सकेगा, जिसके लिए विभाग द्वारा देश की पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाइन 'रुचि की अभिव्यक्ति' (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) संबंधी प्रस्ताव आमंत्रित की गई है।

इस दिशा में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जगदलपुर द्वारा विस्तृत समय-सारणी भी जारी कर दी गई है। इच्छुक संस्थाओं के लिए ऑनलाइन प्रदर्शन की शुरुआत 11 जून को रात 11 बजे से होकर जिसके बाद इस निविदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए 25 जून 2026 को दोपहर 2 बजे एक प्री-बिड मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। सभी इच्छुक कोचिंग संस्थानों को निर्धारित प्रपत्र में अपना प्रस्ताव ऑनलाइन भेजने के लिए 10 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे तक का समय दिया गया है, जिसके बाद 13 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे समिति के समक्ष प्राप्त प्रस्तावों को खोला जाएगा और उनका तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए विस्तृत नियम-शर्तों और संबंधित सभी आवश्यक प्रपत्र इत्यादि विभागीय वेबसाइटों ड्ड्ड्ह्य-ह्लड्डह्न.द्दश1.द्बठ्ठ तथा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अवलोकन और डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रक्रिया या तिथियों में होने वाले किसी भी प्रकार के बदलाव की आधिकारिक सूचना केवल विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी।

# कागजों में खनन दिखाकर करोड़ों के घोटाले को अंजाम देने वाली आरती स्पंज की उच्च स्तरीय जांच हो:छविंद्र कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 जून।** जिले के ग्राम आलनार स्थित लौह अयस्क खदान में फर्जी खनन के मामले में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने आज गुरूवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर आरती स्पंज कंपनी और खनिज विभाग के बीच सांठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा कि मेसर्स आरती स्पंज एंड पावर लिमिटेड कंपनी पिछले कई वर्षों से केवल कागजों में खनन दिखाकर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम दे रही है। उन्होने कहा कि खनिज विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के बगैर यह संभव नहीं है। छबिंद्र ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और कंपनी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने कहा कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच कंपनी द्वारा लगभग 2.72 लाख टन लौह अयस्क उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जबकि मौके पर न तो कोई वास्तविक खनन गतिविधि दिखाई देती है, न मशीनें लगी हैं और न ही खदान क्षेत्र में किसी प्रकार की खुदाई के प्रमाण मौजूद हैं। इस जगह तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है, जिससे लौह अयस्क का परिवहन हो सके। ऐसे में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज उत्पादन और वास्तविक स्थिति के बीच बड़ा अंतर कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि जिस खदान क्षेत्र तक पहुंचने के लिए समुचित सड़क तक उपलब्ध नहीं है, वहां से ट्रांजिट पास जारी होना और वाहनों तथा ड्राइवरों के नाम दर्ज होना पूरे मामले में फर्जी परिवहन और कागजी खनन के संगठित खेल की ओर इशारा करता है। छविंद्र कर्मा ने कहा कि यह क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के दायरे में आता है, जहां ग्राम सभा की अनुमति के बिना खनन गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकतीं। इसके बावजूद स्थानीय ग्राम सभाओं की सहमति के बिना खदान आवंटित किए जाने का दावा करते हुए उन्होंने इसे आदिवासी अधिकारों और वनाधिकार कानून का उल्लंघन बताया। कंपनी ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन जब जमीन पर खनन कार्य शुरू ही नहीं हुआ तो रोजगार के दावे भी सवालों के घेरे में हैं।

# निर्माणाधीन नयापारा मुख्य मार्ग कार्य पूर्ण होने के बाद शहर की बेहतरीन सड़कों में गिना जाएगा

**जगदलपुर, 12 जून।** बुधवार को हमारे मोतीलाल नेहरू वार्ड में निर्माणाधीन नयापारा मुख्य मार्ग को लेकर कांग्रेसी मित्र राजनीतिक विरोध प्रदर्शन को पहुंचे थे। हमारे वार्ड में धरना प्रदर्शन करने पधारे कांग्रेसी मित्रों का शिष्टाचार स्वरूप स्वागत किया और उनके धरना प्रदर्शन के बीच पहुंच कर उनसे बातचीत भी की। स्पष्ट नीति,साफ नीयत और ठोस निर्णय के साथ नयापारा मुख्य मार्ग का योजनाबद्ध रूप से चौड़ीकरण निर्माण कार्य किया जा रहा है। बस्तर हाई स्कूल व छात्रावास की बाउंड्री वाल को पीछे कर सड़क की चौड़ाई बढ़ानी है। उस मार्ग में स्थित दो वाटर पंप हाउस को किनारे शिफ्ट करने व नई पाईप लाईन बिछाने की तकनीकी परेशानी दूर की जा रही है। नयापारा मुख्य मार्ग का योजनाबद्ध चौड़ीकरण कार्य तेजी से विस्तार पाते शहर और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुये कराया जा रहा है। विगत आठ वर्षों से इस महती कार्य के लिये निरंतर प्रयास किया जा रहा था, क्षेत्रीय विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मान. श्री किरण सिंह देव जी की सार्थक पहल से नयापारा मुख्य मार्ग, चौड़ीकरण कार्य उपरांत भव्य रूप पायेगा। जिसमें ड्रेन टू ड्रेन 10 मीटर की सड़क और दोनों ओर 1-1 मीटर चौड़ी नाली का निर्माण होना है। जनहित एवं शहर हित में किये जा रहे अच्छे कार्य में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये।

# शासकीय संगीत महाविद्यालय की हुई स्थापना, 12वीं पास युवा ले सकते हैं प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 12 जून।** बस्तर जिला मुख्यालय में शासकीय संगीत महाविद्यालय की स्थापना की गई है। महाविद्यालय में 4 वर्षीय बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। जिसके लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय का संचालन फिलहाल शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर परिसर से किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कोई भी अभ्यर्थी इसमें प्रवेश ले सकता है। पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस करीब 1700 रुपए रखी गई है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी संगीत शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। संगीत और प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए बेहतर अवसर है।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने आज गुरूवार को महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनकी रुचियों और अपेक्षाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संगीत शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता सुधार को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए।

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि महाविद्यालय के शुरू होने से बस्तर अंचल के उन विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिलेगा, जिन्हें संगीत शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही उन्हें उच्च शिक्षा के साथ संगीत और प्रदर्शन कलाओं का प्रशिक्षण मिल सकेगा। संस्थान का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति, लोक संगीत और जनजातीय कला परंपराओं को भी संरक्षित और प्रोत्साहित करना है। आने वाले समय में यह संस्थान स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। महाविद्यालय प्रशासन ने संगीत, गायन, वादन और प्रदर्शन कलाओं में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों, कलाकारों और संगीत साधकों से जल्द प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

# धान खरीदी खत्म होने के चार महीने बाद भी धान का नहीं हुआ पूरा उठाव

**जगदलपुर, 12 जून।** बस्तर संभाग के धान खरीदी केंद्रों में अब भी हजारों मैट्रिक टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। धान खरीदी प्रक्रिया खत्म होने के करीब चार महीने बाद भी धान का पूरा उठाव नहीं हो पाया है। ऐसे में मानसून की शुरुआत के साथ ही धान की सुरक्षा और सरकारी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में किसानों से खरीदा गया धान अभी तक पूरी तरह गोदामों तक नहीं पहुंच सका है। बारिश शुरू होने के बाद कई केंद्रों से धान भीगने और खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। वहीं खुले में रखे धान को चूहों और अन्य कारणों से नुकसान पहुंचने की आशंका भी बढ़ गई है। केंद्र प्रबंधकों का कहना है कि समय पर उठाव नहीं होने से उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर छुरा में हुई महाआरती, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 12 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरा द्वारा शिव मंदिर प्रांगण एवं एनीकट तट पर भव्य महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं भगवान शिव के अभिषेक के साथ हुआ। इसके पश्चात एनीकट तट पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

अपने उद्बोधन में संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में से एक हैं और उन्होंने देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में देश की जनसंख्या लगभग 37 करोड़ थी, जबकि आज भारत की आबादी 137 करोड़ से अधिक है। इतनी विशाल जनसंख्या वाले देश का सफल नेतृत्व करना और विकास की गति को निरंतर बनाए रखना एक बड़ी उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। संदीप शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के प्रति स्नेह और विश्वास व्यक्त कर रही है, उसे देखते हुए लोग उन्हें एक ÷देवपुरुष÷ की संज्ञा तक दे रहे हैं। यह जनता के उनके प्रति अटूट विश्वास और लोकप्रियता का प्रमाण है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। ÷विकास भी, विरासत भी÷ का संकल्प आज देश की पहचान बन चुका है और भारत विश्व मंच पर सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नाम आज विश्व पटल पर सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनहित, सुशासन और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा आने वाले समय में भी जनता के कल्याण के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सफल नेतृत्व की सराहना करते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य, सुशासन और सतत विकास के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि की प्रार्थना की।

कार्यक्रम समाप्ति पर आभार व्यक्त भाजपा मंडल छुरा अध्यक्ष खोमन चंद्राकर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा,नप अध्यक्ष श्रीमती लोकेश्वरी निषाद, संगीता दीक्षित,रामलाल कुलदीप,अशोक ठाकुर,भोले शंकर जायसवाल,बलराज पटेल, थान सिंह निषाद,भोले शंकर जायसवाल,अजय दीक्षित,रूपनाथ बंजारे,हेमंत कंसारी,रमेश सिंह,लोकेश चंद्राकर,शंकर सेन,तुलाराम साहू,आसकरण टंडन,निखिल साहू,धर्मेंद्र चंद्राकर,रामजी यादव,चंद्रहास सोनी,केसरी ध्रुव,रजनी लहरे,गरिमा ध्रुव,लीना दुबे,सुनीता चंद्राकर,कंचन सिन्हा,संतोषी साहू,वेदिका वासनिक,प्रिया साहू सहित भाजपा मंडल छुरा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, मातृशक्ति, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। महाआरती एवं राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पुसौर में उर्वरक कारोबारियों पर प्रशासन की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 जून।** जिले में किसानों को निर्धारित मात्रा और उचित व्यवस्था के तहत उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश पर उर्वरक दुकानों की सघन जांच जारी है। इसी क्रम में संयुक्त जांच दल द्वारा पुसौर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके बाद जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 9 टन यूरिया जब्त किया है, जबकि दूसरी दुकान पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि संयुक्त जांच दल ने अग्रवाल खाद भंडार, पुसौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में एचयूआरएल कंपनी का लगभग 09 टन यूरिया भौतिक रूप से भंडारित पाया गया। जांच के समय उपलब्ध स्टॉक पंजी, विक्रय अभिलेख एवं पीओएस मशीन का मिलान करने पर उक्त यूरिया की कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं मिली। जांच दल ने पाया कि वास्तविक भंडारण और अभिलेखों में दर्ज स्टॉक के बीच स्पष्ट अंतर है। प्रथम दृष्टया यह मामला उर्वरक भंडारण एवं विक्रय से संबंधित नियमों के उल्लंघन का प्रतीत होने पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे 09 टन यूरिया को जब्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया तथा आगे की विस्तृत जांच प्रारंभ कर दी है।

### बाबा मोहनदास एग्रो शॉप में भी मिली गड़बड़ी

संयुक्त जांच दल ने आज बाबा मोहनदास एग्रो शॉप, पुसौर का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान एसएसपी उर्वरक के स्टॉक का मिलान करने पर पीओएस एंट्री, स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक भंडारण में अंतर पाया गया। अधिकारियों के अनुसार दुकान में उपलब्ध उर्वरक की मात्रा और अभिलेखों में दर्ज आंकड़ों में विसंगति सामने आई, जो उर्वरक वितरण व्यवस्था में गंभीर लापरवाही और नियमों के उल्लंघन की ओर संकेत करती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त जांच दल ने प्रथम दृष्टया उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला मानते हुए संचालक के विरुद्ध नियमानुसार 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की है।खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। किसानों के लिए निर्धारित उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण अथवा अभिलेखों में गड़बड़ी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं की नियमित जांच की जाए तथा जहां भी अनियमितता मिले, वहां नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### 16 जून से 15 अगस्त तक जिले में मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**रायगढ़, 12 जून।** वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की वंश वृद्धि एवं प्राकृतिक प्रजनन को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत जारी निर्देशों के अनुसार इस अवधि में रायगढ़ जिले के अंतर्गत अधिकांश जल संसाधनों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) की गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी।

सहायक संचालक मछली पालन विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी नदी, नाले, जलाशय एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ना निषिद्ध रहेगा। हालांकि ऐसे छोटे तालाब एवं जल स्रोत, जिनका किसी नदी या नाले से कोई संबंध नहीं है, तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी।

उल्लंघन करने वालों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना-बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 1 जनवरी 2026 में प्रकाशित छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 के तहत संशोधित प्रावधानों के अनुसार छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम, 1948 की धारा-5 के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर 25 हजार रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया जा सकता है। मत्स्य विभाग ने जिले के मछुआरों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट से परहेज करें तथा मछलियों के संरक्षण एवं मत्स्य संसाधनों के संवर्धन में सहयोग प्रदान करें, ताकि भविष्य में मत्स्य उत्पादन एवं जैव विविधता को बढ़ावा मिल सके।

### रागी की खेती से बदल रही लैलूंगा के किसानों की तकदीर

**रायगढ़, 12 जून।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास अब धरातल पर सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। लैलूंगा विकासखंड के किसान परंपरागत धान की खेती से आगे बढ़कर अब रागी जैसी पौष्टिक और लाभकारी फसल को अपना रहे हैं। प्रशासन की पहल से आज क्षेत्र के किसान न केवल रागी का उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि इससे बेहतर आमदनी भी अर्जित कर रहे हैं। लैलूंगा के किसान बलार साय इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। दिसंबर 2025 में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें अन्य किसानों के साथ बरगढ़ में रागी की उन्नत खेती का अध्ययन भ्रमण कराया गया था। भ्रमण के दौरान किसानों ने रागी उत्पादन, प्रबंधन और विपणन की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बलार साय ने ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर रागी की खेती करने का निर्णय लिया। कृषि विभाग द्वारा उन्हें रागी उत्पादन का प्रशिक्षण, गुणवत्तायुक्त बीज, तकनीकी मार्गदर्शन तथा डीएमएफ मद से अनुदान सहायता उपलब्ध कराई गई। साथ ही खेतों में गुड़ाई एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए कृषि उपकरण भी प्रदान किए गए। रागी विशेषज्ञ जेकब द्वारा किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिससे खेती की तकनीकों को अपनाने में मदद मिली। आज बलार साय के खेतों में रागी की फसल पूरी तरह तैयार है और कटाई के लिए तैयार खड़ी है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर क्षेत्र के अन्य किसान भी रागी उत्पादन की ओर आकर्षित हुए हैं। वर्तमान में लैलूंगा क्षेत्र में लगभग 25 किसान खरीफ और ग्रीष्मकालीन मौसम को मिलाकर लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में रागी की खेती कर रहे हैं। इनमें खरीफ सीजन में लगभग 15 एकड़ तथा ग्रीष्मकालीन मौसम में लगभग 25 एकड़ क्षेत्र शामिल है। कृषि विभाग के अनुसार रागी की फसल से प्रति एकड़ औसतन 8 से 10 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में रागी का बाजार मूल्य लगभग 50 रुपये प्रति किलोग्राम है, जिससे किसानों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। किसानों की उपज के विपणन के लिए वन धन

# सुशासन तिहार के दौरान दिव्यांगों और वृद्धजनों तक पहुंची संवेदना की सरकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 जून ।** सुशासन तिहार 2026 केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का भी आधार बन रहा है। धरमजयगढ़ विकासखंड के दूरस्थ कापू में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में समाज कल्याण विभाग की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार हुआ।कापू निवासी सुरेश यादव लंबे समय से आवागमन में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। सुशासन तिहार शिविर में उनके आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। ट्रायसाइकिल मिलने से अब वे अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहेंगे। इसी प्रकार एक दृष्टिबाधित महिला को ब्लाइंड स्टिक उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन संभव हो सकेगा। वहीं अघनमती, रतनराम, रामसाय और बोदोबाई तिर्की जैसे वरिष्ठ नागरिकों को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। इन सहायक उपकरणों ने न केवल उनके चलने-फिरने को आसान बनाया है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा का नया एहसास भी दिया है।समाज कल्याण विभाग द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों का सत्यापन किया गया तथा उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, ट्रायसाइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, ब्लाइंड स्टिक एवं वॉकिंग स्टिक जैसे सहायक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

# जनदर्शन बना बबीता के लिए नई उम्मीद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 जून।** ग्राम मुरारीपाली की रहने वाली बबीता यादव के लिए जनदर्शन नई उम्मीद लेकर आया। आर्थिक तंगी के कारण कृत्रिम पैर लगवाना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। अपनी समस्या लेकर वे जनदर्शन में पहुंचीं और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। बबीता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल पहल की।

कलेक्टर के निर्देश पर एडीएम ने आवश्यक समन्वय कर बबीता के उपचार और कृत्रिम पैर लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इसके लिए जरूरी राशि संबंधित स्वास्थ्य संस्थान को उपलब्ध कराई गई है। बबीता यादव ने बताया कि कृत्रिम पैर लगवाने का खर्च उठाना उनके लिए संभव नहीं था। प्रशासन की मदद से अब उन्हें सामान्य जीवन जीने की नई उम्मीद मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए बहुत बड़ा सहारा है।

### धरमजयगढ़ में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

# गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 जून।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने आज धरमजयगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम नवागांव में मनरेगा अंतर्गत ÷मोर गांव-मोर पानी महाअभियान÷ एवं ÷नवा तरिया आय के जरिया÷ थीम पर विकसित मॉडल नवा तरिया का निरीक्षण करते हुए सीईओ श्री पठारे ने इसकी उपयोगिता, रोजगार सृजन तथा मजदूरों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य जल संरक्षण, भूजल संवर्धन और सिंचाई सुविधा बढ़ाने के साथ ग्रामीणों की आय में वृद्धि और स्थानीय रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने नवागांव में ही मनरेगा के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन करते हुए पौधों की सुरक्षा, नियमित देखभाल और बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पुरुंगा में निर्माणाधीन कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र के प्रारंभ होने से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय, डिजिटल और वित्तीय सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होगी और समय व संसाधनों की बचत होगी।

जिला पंचायत सीईओ ने पुरुंगा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवाओं, दवा वितरण व्यवस्था, टीकाकरण कार्यक्रम तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी रजिस्टर, टीकाकरण अभिलेख एवं अन्य रिकॉर्ड की जांच कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। ग्राम आमापाली में निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का अवलोकन किया। संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम शाहपुर में आजीविका डबरी के तहत संचालित मछली पालन एवं बत्तख पालन गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए समूहों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए विविध आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।जिला पंचायत सीईओ ने लक्ष्मीपुर स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निरीक्षण करते हुए इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में सेप्टी टैंकों से निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर जैविक खाद और सिंचाई योग्य जल तैयार किया जाता है। यह व्यवस्था स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है।

### जेवरात,नगदी की चोरी

**भिलाई, 12 जून।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बी. धनराजू (56 साल ) सुपेला शासकीय अस्पताल के वार्ड ब्याव के पद पर पदस्थ है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पत्नी जया लक्ष्मी की तबियत खराब होने से घर में ताला लगाकर 9 जून की सुबह 11 बजे अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया था। जब वापस घर लौटा तो देखा कि आलमारी के अंदर रखे सोने का नेकलेस 1 नग, सोने की अंगुठी 2 नग, कान का सोने का टॉप्स 1 जोड़ी, सोने की झुमका 1 जोड़ी, चांदी की पायल 2 जोड़ी, सोने का छोटा टॉप्स 1 जोड़ी व 12 हजार रुपए नगद अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। वहीं छावनी पुलिस ने बताया कि श्रीमती त्रिवेणी देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रेजा मजदूरी की काम करती है और उसके पति ठेकेदारी मिस्त्री का काम करते हैं। 8 जून की सुबह चले गए थे।

# हालाहुली में निजी गोदाम में रखा था समिति का खाद,टीम ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 जून।** खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम हालाहुली स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने समिति में उपलब्ध पीओएस मशीन के रिकॉर्ड एवं गोदाम में मौजूद भौतिक स्टॉक का मिलान किया। जांच में समिति के रिकॉर्ड और उपलब्ध खाद के स्टॉक का मिलान सही पाया गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान एक गंभीर अनियमितता सामने आई, जिसमें समिति प्रबंधक द्वारा समिति के खाद का निजी गोदाम में अवैध रूप से भंडारण किया जाना पाया गया। संयुक्त जांच दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निजी गोदाम में रखे गए संपूर्ण खाद को जब्त कर लिया। जब्त उर्वरक को आगामी आदेश तक संबंधित समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में रखा गया है। मामले की विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार कर अग्रिम कार्रवाई एवं आवश्यक निर्देशों के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को उर्वरक प्रबंधन और निगरानी के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जांच एवं फ्लाइंग स्क्वॉड गठित किए गए हैं, जो खाद के भंडारण, वितरण और परिवहन की लगातार निगरानी करेंगे। प्रशासन को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खाद के अवैध भंडारण एवं संभावित लीकेज संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि आगामी तीन दिनों तक विशेष जांच अभियान चलाकर सभी तहसीलों में उर्वरक भंडारण केंद्रों, सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाए तथा कहीं भी अवैध भंडारण पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना तथा उर्वरक की कालाबाजारी और कृत्रिम संकट की स्थिति को रोकना है।

# पुलिस ने किया अवैध गुटखा निर्माण का भंडाफोड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 12 जून।** दुर्ग जिले के कुथरेल और अंडा थाना क्षेत्र में संचालित अवैध जर्दायुक्त गुटखा निर्माण एवं पैकेजिंग के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। दो अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा, जर्दा, सुपारी, पैकिंग सामग्री और तीन पैकेजिंग मशीनें जब्त की गई हैं मामले में 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है खाद्य विभाग की टीम ने मौके से नमूने लेकर गोदाम को सील कर दिया है पाटन एसडीओपी

अनुप लकड़ा ने बताया कि रेलवे क्षेत्र में जांच के दौरान बाहर से आए पांच युवकों को पकड़ा गया था उनकी तलाशी लेने पर सितार नामक जर्दायुक्त गुटखा बरामद हुआ पूछताछ में युवकों ने बताया कि खुर्सीपार निवासी उनका सुपरवाइजर यह सामग्री उपलब्ध कराता है इस के बाद पुलिस टीम खुर्सीपार पहुंचकर संबंधित सुपरवाइजर को हिरासत में लिया पूछताछ में उसने खुलासा किया कि अंडा और कुथरेल में गुटखा की पैकेजिंग की जा रही है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एसडीओपी अनुप लकड़ा के मार्गदर्शन में एसीसीयू और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। दोनों टीमों ने अंडा और कुथरेल स्थित गोदामों में एक साथ छापेमारी की यहां से सितार ब्रांड के रैपर, सुपारी, जर्दा, पैकिंग किया हुआ गुटखा और अन्य कच्चा माल बरामद किया गया पुलिस ने मौके से तीन पैकेजिंग मशीनें भी जब्त की हैं साबुन पाउडर की आड़ में चल रही थी पैकेजिंग पुलिस जांच में सामने आया कि करीब एक माह पहले वीरेन्द्र तिवारी ने असलम राठौर के गोदाम को साबुन पाउडर निर्माण के लिए किराये पर लिया था। आरोप है कि गोदाम में साबुन पाउडर की बजाय सितार नामक जर्दायुक्त गुटखा की पैकेजिंग की जा रही थी जगदीश शदाणी का नाम आया सामने एसडीओपी अनुप लकड़ा के अनुसार पूछताछ में यह जानकारी भी मिली है कि इस कारोबार का सूत्रधार एवं संचालक जगदीश शदाणी उर्फ जग्गा है, जो पैकेजिंग के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराता था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने यह भी बताया कि जगदीश शदाणी की नेहरू नगर में कपड़े की दुकान है। पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया कि वह पहले गुटखा कारोबारी गुरुमुख जुमनानी का साझेदार था और बाद में अलग होकर स्वयं का कारोबार संचालित करने लगा पुलिस पूरे नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है उत्तर प्रदेश से बुलाए गए थे मजदूर, 10 आरोपी गिरफ्तार ने बताया कि वीरेन्द्र तिवारी को पैकेजिंग और संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी, जबकि काम के लिए उत्तर प्रदेश से मजदूर बुलाए गए थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वीरेन्द्र तिवारी, सुभाष कुमार गौतम, सुनील कुमार राजपूत, करण राजपूत, राजू मस्ताना, राजकुमार यादव, रमेश कुमार निषाद, सतेन्द्र कुमार यादव, सोनू यादव और बसंत राजपूत को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया था, जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत छोड़ दिया गया। पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के निवासी हैं। जांच एजेंसियां यह भी पड़ताल कर रही हैं कि यह नेटवर्क कब से संचालित हो रहा था और इसका दायरा किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

# अब घर-घर पहुंचकर कराया जा रहा महतारी वंदन का ई-केवाईसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 जून।** महतारी वंदन योजना के तहत शेष पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए जिले में विशेष घर-घर अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) तथा वीएलई की संयुक्त टीम उन महिलाओं के घर पहुंच रही है जो वृद्धावस्था, बीमारी, दिव्यांगता अथवा अन्य कारणों से स्वयं ई-केवाईसी केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

अभियान के तहत सेक्टरवार एवं ग्रामवार ऐसे हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है जिनका ई-केवाईसी अभी शेष है। इन महिलाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अमला घर-घर जाकर दस्तावेज सत्यापन और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। इससे पात्र हितग्राहियों को सुविधा मिल रही है तथा किसी भी महिला के योजना से वंचित रहने की संभावना समाप्त हो रही है। इसी क्रम में रानीसागर खड़ियापारा क्षेत्र में भी टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यहां तीन अस्वस्थ महिलाओं के घर वीएलई को लेकर पहुंची टीम ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया संपन्न कराई, जिसमें दो हितग्राहियों का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ, जबकि एक प्रकरण में तकनीकी कारणों से प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी, जिसके निराकरण की कार्रवाई जारी है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी अभियान में रायगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जिले ने 96.47 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करते हुए सभी 33 जिलों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

# विभा साहू ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन और समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जून।** जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्मी की रातें खेलकूद के उत्साह से सराबोर हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्रामीणों का भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। ग्राम अर्जुनी में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता क्षेत्र के युवाओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में 6 एवं 7 जून को युवा पलटन अर्जुनी के तत्वावधान में



आयोजित प्रो कबड्डी 2026 प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विभा साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं। गर्मी के मौसम में रात्रिकालीन खेल आयोजनों से लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक सोच विकसित होती है जो समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रतियोगिता की अध्यक्षता मनीष साहू ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रेशम लाई, फेरूराम इंदौरिया, संजय सोनी, शिव साहू, धन्नू साहू, जनक दास साहू एवं हेमनाथ सोनकर उपस्थित रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया जिनमें प्रथम स्थान में दतेश्वरी क्लब खैरागढ़, द्वितीय स्थान एकलव्य मेन मेंढा, तृतीय स्थान गोंडवाना क्लब डोंगरगढ़ तथा चतर्थ स्थान पर कान्हेनगर अंबागढ़ चौकी की टीम रहीं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक कमल किशोर साहू, अध्यक्ष डेमन धनकर, उपाध्यक्ष प्रशांत साहू, सचिव रवि साहू, सहसचिव सिद्धू धनकर तथा कोषाध्यक्ष दुर्गय धनकर सहित युवा पलटन अर्जुनी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अर्जुनी में देर रात तक खेल प्रतियोगिताओं का रोमांच देखने को मिला। ग्रामीणों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और खेल मैदानों को उत्सव जैसा माहौल प्रदान किया। क्षेत्र में लगातार हो रहे ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है तथा ग्रामीण अंचलों में सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूती मिल रही है।

## एक नजर

### 16 जून से 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर 25 हजार तक जुर्माना

**बीजापुर 12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा 3 उपधारा (2) के तहत इस अवधि में प्रदेश के सभी नदी, नाले तथा उनसे जुड़े जल संसाधनों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ना) पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, यह प्रतिबंध उन छोटे तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों पर लागू नहीं होगा जिनका किसी नदी या नाले से संबंध नहीं है। इसके अतिरिक्त जलाशयों में संचालित केज कल्चर (पिंजरा मत्स्य पालन) गतिविधियां भी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। मत्स्य विभाग ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को संरक्षण प्रदान करने तथा मत्स्य संसाधनों की दीर्घकालिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम, 1948 की धारा 5 के तहत दोषी पाए जाने पर 25 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। मत्स्य विभाग ने सभी मत्स्य पालकों एवं आम नागरिकों से वर्षा ऋतु के नियमों का पालन करने तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

### संबलपुर ओड़िशा से अवैध रूप से ला रहे खाद से भरे ट्रक को किया जब्त



**राजनांदगांव 12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सहकारी एवं निजी क्षेत्रों के माध्यम से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का सुगम, पारदर्शी एवं निर्धारित दर पर वितरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परसबोड़ में खड़े ट्रक क्रमांक ओडी 17 एस 7676 की जांच की गई। ट्रक में बायो पोटाश 37 बैग, ग्रो सुपर दानेदार 160 बैग कुल 197 बैग खाद बिना किसी वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से पाया गया। पूछताछ करने पर ट्रक के वाहन चालक ने खाद संबलपुर ओड़िसा से लेकर राजनांदगांव में खाली करने के संबंध में जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा खाद से भरे ट्रक को जप्त कर कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया।

### नगर निगम ने विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई, सड़क सुधार एवं जनस्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था को किया सुदृढ़

**राजनांदगांव 12 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में आंधी-बारिश के कारण नंदई से बसंतपुर महामाया चौक तक शॉर्ट सर्किट से प्रभावित विद्युत व्यवस्था को त्वरित कार्रवाई करते हुए सुधार लिया गया है, जिससे क्षेत्र में पुनः प्रकाश व्यवस्था सुचारू हो गई है। शहर के चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पंथी चौक के पुराने सौंदर्यीकरण कार्य के क्षतिग्रस्त होने पर समय-समय पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है तथा वर्तमान बजट में प्रमुख चौक-चौराहों के व्यापक सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शामिल किया गया है। निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से नालियों एवं बड़े नाला-नालों की चरणबद्ध सफाई कराई जा रही है। चिखली रोड सहित विभिन्न स्थानों पर अस्थायी कचरा संग्रहण स्थल बनाए गए हैं, जहां आसपास का कचरा एकत्र कर जेसीबी के माध्यम से उठाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जाता है तथा स्थल की नियमित सफाई की जाती है। कुछ स्थानों पर कचरे में आग असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई थी।

# नारायण धाम में संकीर्तन का आनंद हजारों भक्तों ने उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जून।** भक्ति, आराधना, संकीर्तन और ईश्वर के प्रति अटूट प्रेम का महापर्व श्री नारायण महामहोत्सव इन दिनों श्री सत्यनारायण धर्मशाला स्थित श्री नारायण धाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान श्री नारायण की विशेष आराधना का पावन अवसर है। इस माह में सच्ची श्रद्धा और विश्वास से की गई भक्ति भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करती है।

उन्होंने बताया कि महाभारत काल में भीम के पौत्र एवं घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक को भगवान शिव से तीन बाणों का वरदान प्राप्त था तथा उनकी माता ने उन्हें आशीर्वाद दिया था कि वे सदैव हारे हुए का सहारा बनेंगे। भगवान श्रीकृष्ण ने उनके अद्वितीय त्याग, बलिदान और भक्ति से प्रसन्न होकर वरदान दिया कि वे कलयुग में खाटू श्याम के रूप में पूजे जाएंगे और हारे हुए लोगों के सहारा बनेंगे। तभी से बाबा श्याम के प्रति करोड़ों भक्तों की अटूट आस्था बनी हुई है।



### सेवंती, गुलाब और फ्लों की मालाओं से सजा बाबा श्याम का दरबार

कामदा एकादशी के पावन अवसर पर श्री नारायण धाम में बाबा श्याम की मनोहारी झांकी सजाई गई। सेवंती, गुलाब एवं विभिन्न फ्लों की मालाओं से सजे अलौकिक दरबार में बाबा की छवि अत्यंत आकर्षक दिखाई दे रही थी। ज्योत प्रज्ज्वलन और विशेष श्रृंगार के मध्य श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दिव्य दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

### भजनों की सुरलहरियों में झूम उठे हजारों श्रद्धालु

नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक निखिल श्याम शर्मा एवं उनकी संगीतमय मंडली ने श्याम जन्मोत्सव, बाबा श्याम की महिमा और मोरछड़ी के महत्व पर आधारित भजनों की ऐसी मनोहारी प्रस्तुति दी कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। संकीर्तन के सप्तरंगी रंगों में डूबे श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर नाचते-गाते रहे। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने फूलों की होली का अद्भुत आनंद लेते हुए भक्ति उत्सव का आनंद उठाया।

### अतिथियों ने की महाआरती में सहभागिता

महामहोत्सव में नीलू शर्मा (अध्यक्ष, पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन), सुशील अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा राजनांदगांव), समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल धर्मपत्नी भावना अग्रवाल , के साथ-साथ सपत्नीक पहुंचे राजेश बर्मन (स्टेशन मास्टर), श्रीमती शारदा तिवारी समाजसेवी, अलका जानी (अध्यक्ष, कस्तूरबा महिला मंडल) एवं उनकी टीम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी ने महाआरती में सहभागिता निभाकर श्री नारायण एवं बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आज 12 जून बरसेगी राधा नाम की भक्ति रसधारा

समिति के कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंघल ने बताया कि 12 जून को बरसाने वाली राधा रानी की महिमा का गुणगान करने हेतु विख्यात भजन गायिका राधिका शर्मा अपनी मधुर स्वर लहरियों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। राधा नाम संकीर्तन एवं विशेष भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

जहां भक्ति, विश्वास और प्रेम का संगम होता है, वहीं जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री नारायण महामहोत्सव इसी आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## राघवेंद्र चापड़ी बने सफल उद्यमी

**बीजापुर 12 जून।** दृढ़ संकल्प, अथक परिश्रम और सही मार्गदर्शन के साथ यदि सरकारी योजनाओं का सहयोग मिल जाए तो जीवन की दिशा बदल सकती है। इसका जीवंत उदाहरण हैं ग्राम मुरदण्डा, विकासखंड उसुर, जिला बीजापुर निवासी राघवेंद्र चापड़ी, जिन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना का लाभ लेकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए भी रोजगार एवं आय के नए अवसर पैदा किए। राघवेंद्र बताते हैं कि एक समय ऐसा था जब वे पूरी तरह बेरोजगार थे। परिवार की बढ़ती जिम्मेदारियों और आय के स्थायी स्त्रोत के अभाव में उनका जीवन संघर्षों से घिरा हुआ था। घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना भी कठिन हो गया था। भविष्य को लेकर अनिश्चितता और आर्थिक परेशानियों के बीच वे लगातार किसी अवसर की तलाश में थे। इसी कश्मकश में उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की जानकारी मिली। योजना के जानकारी लेने के बाद विभाग के अधिकारी ने मार्गदर्शन दिया। खुद का काम शुरू करने हेतु आत्मविश्वास जगाया गया।

डीआरपी के सहयोग से राघवेंद्र ने PMFME योजना के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बीजापुर में ऋण के लिए आवेदन किया। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद उन्हें 13 लाख 1 हजार 400 रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। यह सहायता उनके जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी अवसर साबित हुई।

ऋण प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने गांव में राइस मिल एवं टोरा मिल की स्थापना की। पहले क्षेत्र के किसान सुगंधित धान को बिना प्रसंस्करण के कम कीमत पर बेचने को मजबूर थे। स्वयं राघवेंद्र भी अपने उत्पाद का



उचित मूल्य प्राप्त नहीं कर पाते थे। लेकिन राइस मिल शुरू होने के बाद उन्होंने सुगंधित धान की प्रोसेसिंग कर उसे बाजार में बेहतर मूल्य पर बेचना शुरू किया।

# कार्यकर्ताओं का प्यार ही मेरी पूँजी है: गिरीश देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 12 जून।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन के निजी प्रवास पर भाटापारा पहुँचने पर प्रदेश काँग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, सत्यनारायण ठाकुर,नेता प्रतिपक्ष नपाप अजय ठाकुर, पुनीत मानिकपुरी,पूर्व छ. ग. सिंधी अकादमी सदस्य रौशन हबलानी, आलोक मिश्रा, त्रिलोक सलूजा, सचिन शर्मा, आदि अनेक कांग्रेस जनों ने नाका नंबर एक पर जोरदार आतिशबाजी और गगनभेदी नारों के साथ स्वागत किया,इस अवसर पर गिरीश देवांगन ने कहा कि तपती दोपहरी में जमीनी कांग्रेस जनों के द्वारा आत्मीय स्वागत मेरी संघर्षों की पहचान है और काँग्रेस कार्यकर्ताओं का प्यार ही मेरी पूंजी है इस प्यार रूपी पूंजी को मैं जीवन भर नहीं भूलूँगा,आपके सुख और दुख के साथ आपके संघर्षों में सदेव साथ रहूँगा आप सभी एक जुटता के साथ काँग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करते रहे।एकता में ही शक्ति है और आपकी शक्ति ही हमारा संबल है। इसके पश्चात देंवागन शहर मे अपने निजी कार्यक्रमो मे शामिल हुए।



# कलेक्टर ने बैठक में की निर्माण कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जून।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसी एवं कान्ट्रेक्टर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए सभी निर्माण एजेंसी गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने कान्ट्रेक्टर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान बेरिकेट्स जरूर लगाए, जिससे सड़के अच्छी तरह बनेंगी। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सड़कों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रोड कनेक्टिीविटी से विकास कार्यों को गति मिलती है और आवागमन की सुविधा बढ़ती है। उन्होंने सड़कों के निर्माण का कार्य यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनांदगांव-कवर्धा-पोण्डी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, राजनांदगांव के गोपालपुर से गिधवा मार्ग के डामरीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण, राजनांदगांव के डोंगरगांव बस्ती के फोरलेन निर्माण कार्य, सुखरी-झिका-देवानभेड़ी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, सुरगी के कोटराभाठा मार्ग, डोंगरगढ़ के छीपा से बड़े कुसमी मार्ग सहित विभिन्न सड़कों के निर्माण की सघन समीक्षा की एवं यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आ रही पोल शिफ्टिंग, पाईप लाईन सहित अन्य समस्याओं को दूर करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/497/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तामेश्वर वर्मा पिता स्व. श्री नरहर वर्मा वार्ड क्रं. 01 शंकर वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री नरहर वर्मा पिता श्री वहलराम वर्मा वार्ड क्रं. 01 शंकर वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 01 में स्थित है नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/493/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार अग्रवाल पिता श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल वार्ड क्रं. 13 झुलेलाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री राकेश राजपाल पिता स्व. श्री धरमदास पाल वार्ड क्रं. 13 झुलेलाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहरतांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 13 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/495/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता बाई धृतलहरे पति श्री सुखचंद धृतलहरे वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री सुखचंद धृतलहरे पिता श्री फिरंता राम धृतलहरे वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु सह शपथ पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/499/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संध्या पशीने पति श्री रूपेश कुमार पशीने वृदांवन कालोनी तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री बिसन कुमार शर्मा पिता श्री शांतिलाल शर्मा वार्ड क्रं. 18 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 18 में स्थित है नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/501/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर वर्मा पिता स्व. बेदराम वर्मा वार्ड क्रं. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री बेदराम वर्मा पिता श्री बुधराम वर्मा वार्ड क्रं. 02 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 02 में स्थित है नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/503/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय छत्तानी, श्री कमल छत्तानी पिता श्री ओमप्रकाश छत्तानी वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री ओमप्रकाश, सखी बाई/श्री कृष्ण कुमार छत्तानी वार्ड क्रं. 16 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/505/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष विश्वकर्मा, श्री अभिषेक विश्वकर्मा पिता स्व. श्री बजरंगी विश्वकर्मा वार्ड क्रं. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री बजरंगी विश्वकर्मा पिता श्री संपतलाल विश्वकर्मा वार्ड क्रं. 17 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 17 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/507/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आशा आसवानी पति श्री दिलीप कुमार आसवानी वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री राजेश बागवानी पिता श्री मनोहर बागवानी वार्ड क्रं. 16 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/509/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुमार, श्री भरत कुमार पिता श्री अर्जुन दास गोधवानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री अर्जुन दास गोधवानी पिता श्री शीतल दास गोधवानी वार्ड क्रं. 05 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु सह सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 05 में स्थित है नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुहर तिल्दा-नेवरा

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/395/लो.नि.शा./न.पा.प./2026 कांकेर, दिनांक 11/06/26

-:रूचि की अभिव्यक्ति:-

नगरपालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत जवाहर वार्ड स्थित दढ़िया तालाब में जलकुंभी सफाई कार्य कराया जाना है। योजना के क्रियान्वयन हेतु स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूह/पंजीकृत संस्थान से जलकुंभी सफाई कार्य हेतु रूची की अभिव्यक्ति के तहत् प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। इच्छुक स्व-सहायता समूह/पंजीकृत संस्थान दिनांक 17/06/26 को शाम 5.00 बजे तक अपना प्रस्ताव कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद के नाम से जमा कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क की राशि रू. 1000/- (नगद या डीडी के माध्यम से) के माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ पेनकार्ड, जी.एस.टी., रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कांकेर

## एक नजर

### अमेजान भारत का सबसे भरोसेमंद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म

**रायपुर, 12 जून।** भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटल कॉमर्स के ईकोसिस्टम को काफी वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है भ्रामक इंटरफेस डिज़ाईन, जिन्हें ''डार्क पैटर्न'' के रूप में जाना जाता है। डेटम इंटैलिजेंस की ''डार्क पैटर्न्स इन इंडियाज़ ऑनलाईन मार्केटप्लेसेज़'' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ग्राहकों को डार्क पैटर्न की वजह से हर साल 25, 000 करोड़ रुपये से 28, 000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है। देश के 304 मिलियन ऑनलाईन खरीददारों में से 88 प्रतिशत को प्रतिमाह औसतन 78 रुपये से 87 रुपये का नुकसान होता है। यह सर्वे साल 2026 की पहली तिमाही में 50 शहरों के 2, 590 से अधिक ग्राहकों के बीच कियागया। इसमें क्विक कॉमर्स, ई-कॉमर्स और ऑनलाईन ट्रैवल में 12 मुख्य प्लेटफॉर्म्स के बारे में सवाल पूछे गए थे। सर्वे में डार्क पैटर्न, ग्राहकों पर उनके वित्तीय प्रभाव और विश्वास उनके असर का आकलन किया गया। सर्वे में सामने आया कि सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले प्लेटफॉर्म्स के बीच 92 पॉईंट का अंतर है।

### नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता में कोई दिक्कत नहीं

**रायपुर, 12 जून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने राज्य के पांच नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता को लेकर कांग्रेस द्वारा एनएमसी के रोक के दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एनएमसी ने पांच मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान दिसंबर माह में कुछ कमियां पाई थी, इसमें भवन और उपकरण शामिल है। राज्य शासन को पहले से यह मालूम था कि कमियां मिलेगी, इसलिए उन कमियों को अब दूर कर लिया गया है। यह संस्थागत प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हर बार नए कॉलेज के निरीक्षण के दौरान इस तरह की कठिनाईयां आती है, जिसे समय रहते सरकार ने दूर कर लिया है, बुधवार को एनएमसी का जो पत्र आया है, उसमें केवल कमियां बताई गई है और उन कमियों को दूर करने के लिए कहा गया है, ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि एनएमसी ने नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर रोक लगा दी है, जबकि अभी नीट का एक्जाम भी नहीं हुआ है और न ही नतीजे घोषित हुए है।

### डुमरतराई थोक बाजार में नए नोट एवं सिक्कों का वितरण

**रायपुर, 12 जून।** डुमरतराई थोक बाजार व्यापारी कल्याण महासंघ के अध्यक्ष प्रेम पाहुजा ने बताया कि आज डुमरतराई थोक बाजार में 5, 10, 20 के नए नोट एवं सिक्के का व्यापारियों को वितरण किया गया। उन्होंने ने कहा कि विगत कुछ माह से जिलों में स्थित बैंकों में छोटे नोट एवं सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण आम नागरिकों एवं व्यापारियों को रोजमर्रा के लेन-देन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेम पाहुजा ने कहा कि विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यापार इससे प्रभावित हो रहा है। बाजारों में चिल्लर की कमी के कारण ग्राहकों एवं व्यापारियों के बीच अनावश्यक असुविधा उत्पन्न हो रही है, वहीं कई बार लेन-देन विवाद की स्थिति भी बन रही है। सार्वजनिक परिवहन, किराना, मेडिकल, फल-सब्जी एवं अन्य दैनिक उपयोग के व्यापारों में यह समस्या और अधिक गंभीर रूप से देखने को मिल रही है।

# रायपुर में माइक्रो बस सेवा की शुरुआत

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया पायलट परियोजना का शुभारंभ

**रायपुर, 12 मई।** राजधानी रायपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। गुरुवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने माइक्रो बस सेवा की पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इस नई सेवा के शुरू होने से शहरवासियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प मिलेगा।

माइक्रो बस सेवा का उद्देश्य राजधानी की बढ़ती यातायात चुनौतियों का समाधान करना और आम नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराना है। शहर के विभिन्न मार्गों पर संचालित होने वाली ये बसें लोगों की यात्रा को आसान बनाने के साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में भी सहायक साबित होंगी।

शुभारंभ अवसर पर बताया गया कि माइक्रो बसें आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी। वातानुकूलित व्यवस्था, आरामदायक सीटिंग और बेहतर संचालन प्रणाली के कारण यात्रियों को सुखद यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। इससे सार्वजनिक परिवहन के प्रति लोगों का विश्वास और आकर्षण बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।




### शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी परियोजना

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह पहल राजधानी की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि माइक्रो बस सेवा नागरिकों की जरूरतों को पूरा करते हुए शहर के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस परियोजना को जनसुविधा बढ़ाने वाली पहल बताया। कार्यक्रम में रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे राजधानी के विकास और बेहतर यातायात प्रबंधन की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

**ट्रैफिक और प्रदूषण नियंत्रण में मिलेगी मदद :** विशेषज्ञों का मानना है कि माइक्रो बस सेवा के विस्तार से राजधानी में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी। अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे तो सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या घटेगी, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

### महतारी वंदन योजना के लिए ई-केवाईसी अभियान

**रायपुर, 12 जून।** महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य रायगढ़ जिले में तेज गति से पूरा किया जा रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक तथा वीएलई की संयुक्त टीम घर-घर पहुंचकर उन महिलाओं का ई-केवाईसी कर रही है, जो वृद्धावस्था, बीमारी या दिव्यांगता के कारण केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

# एकादशी व्रत के समान कोई दूसरा व्रत नहीं



**रायपुर, 12 जून।** उत्तम पुरुषोत्तम मास में भव्य सत्यनारायण व्रत कथा दीपार्चन का आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में किया गया। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा तीन वर्ष में एक बार पुरुषोत्तमी एकादशी पर 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में सत्यनारायण व्रत कथा एवं दीपार्चन का भव्य आयोजन किया गया। पुरुषोत्तमी एकादशी की महत्ता पर प्रवचन करते हुए 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने कहा एकादशी व्रत के समान सभी पापों को हरने वाला, समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला कोई दूसरा व्रत नहीं है। उन्होंने कथा का वर्णन करते हुए कहा भगवान कृष्ण से संवाद करते हुए युधिष्ठिर ने पूछा आप हमें सभी पापों का नाश एवं पुण्य की वृद्धि कराने वाली एकादशी का महत्व बताईए। भगवान कृष्ण ने कहा हे धर्म राज पुरुषोत्तम मास में शुक्ल या कृष्ण पक्ष की जो एकादशी प्राप्त हो उसका परित्याग नहीं करना चाहिए क्योंकि वह ही अनन्त सुख एवं मोक्षदायिनी है कलिकाल में एकादशी ही भव बन्धन से मुक्त करने वाली है जो विधि के अनुसार एकादशी व्रत करते हैं वे जीवन-मुक्त देखें जाते हैं इसमें कोई संदेह नहीं।

### कैट का व्यापारी संवाद अभियान जारी


**रायपुर, 12 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमैन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित कैट व्यापारी संवाद अभियान के अंतर्गत आज रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैट के प्रतिनिधियों ने प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। संवाद के दौरान व्यापारिक वातावरण, बाजार की वर्तमान परिस्थितियों, कराधान संबंधी विषयों, व्यापार संचालन में आ रही चुनौतियों, ई-कॉमर्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा व्यापार संवर्धन के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर विचार-विमर्श किया गया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल व्यापारियों की समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनके बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना है।

### निधन

### बाबूलाल तिवारी




**रायपुर, 12 जून।** चौबे कॉलोनी निवासी बाबूलाल तिवारी ग्राम पोता वाले का निधन आज सुबह 7 बजे हो गया। वे स्व. रामाधार तिवारी के पुत्र, सौमित्र तिवारी-अंकित तिवारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान सहकारी पथ चौबे कॉलोनी से महादेव घाट के लिए निकाली।















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26